संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -350 सोमवार ,23 अक्टूबर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# ईडी की झारखण्ड में बड़ी सक्रियता

» सत्ता और ब्यूरोक्रेसी के बड़े चेहरे रडार पर

» शराब घोटाले में छग के एपी त्रिपाठी की भूमिका की भी होगी जांच

**रांची,22 अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के बाद अब झारखंड में ईडी सुपर एक्टिव मोड में है। खनन घोटाला, जमीन घोटाला के बाद अब शराब और बालू घोटाले में एजेंसी द्वारा शुरू की गई कार्रवाई से सत्ता से लेकर ब्यूरोक्रेसी के गलियारों में हलचल है। अलग-अलग मामलों में जांच का बढ़ता दायरा सीएम हेमंत सोरेन, उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों और राज्य के करीब आधा दर्जन आईएएस और राज्य सेवा के अफसरों की परेशानी बढ़ा सकता है।

### अब तक 20 से ज्यादा रसूखदार जेल में

ईडी झारखण्ड में पावर ब्रोकर्स और कई कारोबारियों पर भी लगातार शिकंजा कस रहा है। ईडी की जांच और कार्रवाई की वजह से राज्य के दो आईएएस अफसर पूजा सिंघल और छविरंजन, ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम, आठ-नौ बड़े कारोबारी विष्णु अग्रवाल, अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, योगेंद्र तिवारी, सुनील यादव, टिंकल भगत, भगवान भगत, कृष्णा शाह, दो चार्टर्ड एकाउंटेंट सुमन कुमार एवं नीरज मित्तल और दो पावर ब्रोकर्स पंकज मिश्र एवं प्रेम प्रकाश तथा योगेंद्र तिवारी सहित 20 से भी ज्यादा लोग जेल भेजे जा चुके हैं।

### शराब घोटाले के किंगपिन से पूछताछ

ईडी की सबसे ताजा कार्रवाई शराब घोटाले में हुई है। बीते गुरुवार को शराब घोटाले के किंगपिन माने जाने वाले राज्य के बड़े कारोबारी योगेंद्र तिवारी को ईडी ने गिरफ्तार किया। इसके पहले उससे तीन अलग-अलग तारीखों में लंबी पूछताछ की गई। अब एजेंसी ने उसे आठ दिनों की रिमांड पर लेकर विस्तृत पूछताछ शुरू की है।

### शराब के साथ इन धंधों में भी शामिल

गिरफ्तारी के बाद उसे अदालत में पेश करते हुए एजेंसी ने दावा किया कि योगेंद्र तिवारी शराब के साथ-साथ जमीन एवं बालू के अवैध कारोबार में शामिल रहा है और उसे कई अफसरों और नेताओं का संरक्षण प्राप्त था। जाहिर है, योगेंद्र तिवारी से होनेवाली पूछताछ से जो तथ्य सामने आने वाले हैं, उसकी आंच झारखंड की सत्ता और नौकरशाही के बड़े चेहरों तक पहुंचेगी। योगेंद्र तिवारी के खिलाफ देवघर जिले के अलग-अलग थानों में पूर्व से दर्ज चार एफआईआर के आधार पर श्वष्ठ ने बीते 31 मार्च को ईसीआईआर (इन्फोर्समेंट केस इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट) दर्ज की थी। इसके बाद 23 अगस्त को राज्य में 34

ठिकानों पर एक साथ छापेमारी कर कई तरह के दस्तावेज और साक्ष्य बरामद किए गए थे। इनमें से एक ठिकाना राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और उनके पुत्र रोहित उरांव का आवास भी था। यहां से ईडी ने तीस लाख रुपए नगद भी बरामद किए थे।

इस छापेमारी के बाद जांच का दायरा और बढ़ गया। ईडी ने अब उसी ईसीआईआर में 15 और एफआईआर को जोड़ दिया है। इन एफआईआर में नामजद करीब 20 से ज्यादा लोग तो सीधे तौर पर ईडी की जांच की जद में आ गए हैं। संभावना जताई जा रही है कि कड़ियां जैसे-जैसे जुड़ेंगी, घोटालों के नए-नए किरदार सामने आएंगे।

### शराब घोटाले में छत्तीसगढ़ का ही फार्मूला

आरोप है कि योगेंद्र तिवारी ने वर्ष 2021-22 में राज्य में शराब के कारोबार में एकाधिकार कायम कर लिया। उसने अपने कर्मचारियों के नाम पर अलग-अलग फर्म बनाकर शराब के ठेके हासिल किए थे और इन फर्मों का पूरा नियंत्रण योगेंद्र तिवारी के हाथ में ही था। झारखंड में जो शराब घोटाला हुआ है, उसकी कड़ियां छत्तीसगढ़ से भी जुड़ी हैं।

### झारखण्ड ने सीजीएमसीएल को बनाया था कंसल्टेंट

दरअसल झारखंड सरकार ने वर्ष 2021-22 में एक्साइज यानी शराब बिक्री की नई पॉलिसी लागू की थी और इसे जमीन पर उतारने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (छ्रस्स्ष्ठ) के साथ करार करते हुए उसे बतौर कंसल्टेंट नियुक्त किया था। इस कंसल्टेंट कंपनी की सलाह पर छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड सरकार ने शराब की खुदरा बिक्री अपने हाथ में लेते हुए प्लेसमेंट एजेंसियों को दुकानें चलाने का जिम्मा सौंपा था।

### एपी और उनके पार्टनर की रही भूमिका

झारखण्ड में यह काम छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के तत्कालीन एमडी अरुण पति त्रिपाठी और उनके साझीदार सिद्धार्थ सिंघानिया की देखरेख में धरातल पर उतारा गया था। अब झारखंड के शराब घोटाले में उनकी भूमिका की जांच तेज होगी।

### पहले छत्तीसगढ़ और अब झारखण्ड में जांच

ईडी की छत्तीसगढ़ इकाई इस सिलसिले में झारखंड के दो आईएएस अफसरों विनय कुमार चौबे और करण सत्यार्थी को भी बीते अप्रैल महीने में तलब कर चुकी है। संभावना है कि ईडी की झारखंड इकाई भी अब इन दोनों अफसरों को नोटिस कर सकती है। विनय चौबे झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के सचिव भी हैं। ऐसे में मामले में जांच की आंच अंततः प्रत्यक्ष-परोक्ष तौर पर सीएम तक पहुंच सकती है।

इसके पहले एक हजार करोड़ के खनन घोटाले में ईडी राज्य के सीएम हेमंत सोरेन तक से पूछताछ कर चुकी है। जमीन घोटाले की जांच में भी उन्हें पांच बार समन किया जा चुका है। सोरेन इनमें से किसी समन पर उपस्थित नहीं हुए और ईडी के खिलाफ पहले सुप्रीम कोर्ट और उसके बाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हालांकि कोर्ट से उन्हें अब तक कोई राहत नहीं मिली है। संभव है कि ईडी इस मामले में उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई कर सकती है।

### आशंका जता चुके हैं सीएम सोरेन

सीएम हेमंत सोरेन खुद इस बात को लेकर आशंकित हैं और वह कह चुके हैं कि केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर उन्हें जेल भेजने की साजिश रची जा रही है। सोरेन मंत्रिमंडल के कांग्रेस कोटे के वरिष्ठ मंत्री आलमगीर आलम पर ईडी ने साहिबगंज जिले के बड़हरवा में टेंडर से जुड़े एक विवाद में पिछले साल ही एफआईआर दर्ज की है। इसकी भी जांच आगे बढ़ सकती है।

सीएम सोरेन के प्रधान सचिव रहे सीनियर आईएएस राजीव अरुण एक्का के खिलाफ ईडी ने करीब 200 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार के सबूत पहले ही जुटाए हैं। एजेंसी इन सबूतों और ब्योरों पर एक रिपोर्ट राज्य सरकार और एंटी करप्शन ब्यूरो के साथ साझा करते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने को कह चुकी है। तय है कि इन तमाम मामलों में ईडी की जांच और कार्रवाई, आने वाले महीनों में जैसे-जैसे आगे बढ़ेगी, राज्य की सत्ता और सियासत में बवंडर और तेज होगा।

## भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ

### राहत सामग्री लेकर फिलिस्तीन रवाना हुआ वायु सेना का विमान सी-17

**नई दिल्ली,22 अक्टूबर 2023(ए)।** भारत ने एक बार फिर से बहुत ही अच्छी मिसाल पेश की है। इजराइल और फिलिस्तीन के बीच चल रहे भीषण युद्ध में हर तरफ तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में भारत ने फिलिस्तीन को मानवीय सहायता भेजी है, जहां गाजा पट्टी में हजारों की संख्या में फिलिस्तीनी मारे गए हैं। भारतीय वायु सेना का सी-17 विमान आज लगभग 6.5 टन मेडिकल और 32 टन डिजास्टर रिलीफ सामग्री लेकर मिस्र के एल-अरिश हवाई अड्डे के लिए रवाना हुई। सामग्री में दवाएं, सर्जिकल सामान, तंबू, स्लीपिंग बैग, तिरपाल, स्वच्छता सुविधाएं, जल शुद्धिकरण टैबलेट सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं।

भारत के पीएम नरेंद्र मोदी और भारत ने इजराइल-फलिस्तीन संघर्ष पर एक नरम रुख अपनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजराअल पर हमास के हमले से हैरानी जताई थी और इसे आतंकवादी हमला करार दिया था। हाल ही में गाजा पट्टी के एक अस्पताल पर हमले की प्रधानमंत्री ने आलोचना की थी, जहां इजराइल लगातार हमले से इनकार कर रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने एक ट्वीट में इजराइल-फिलिस्तीन के मुद्दे पर भारत के पुराने रुख को दोहराया।

## आईटीओ से आश्रम तक यात्रा होगी आसान

### अरविंद केजरीवाल ने 3-लेन फ्लाईओवर का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली,22 अक्टूबर 2023(ए)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को सराय काले खां में तीन लेन के फ्लाईओवर का उद्घाटन किया।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने उद्घाटन समारोह में कहा कि नया फ्लाईओवर आश्रम, मूलचंद और उस मार्ग पर अन्य स्टॉप के आसपास ट्रैफिक को कम करेगा। पूरे रिंग रोड पर कोई लाल बत्ती नहीं है। यह फ्लाईओवर सराय काले खां को जाम मुक्त बनाएगा।

सीएम केजरीवाल ने आगे कहा कि उनकी सरकार ने पिछले पांच वर्षों में 30 फ्लाईओवर के निर्माण में 557 करोड़ रुपये बचाए हैं। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि का जिक्र गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में होना चाहिए।

कार्यक्रम को लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी ने भी संबोधित किया और कहा कि दिल्ली सरकार ने आश्रम और सराय काले खां के बीच के क्षेत्र का कायापलट कर दिया है। यह सराय काले खां टी-जंक्शन दक्षिणपूर्व दिल्ली और आईटीओ के बीच सिग्नल-मुक्त यात्रा सुनिश्चित करेगा।

सीएम केजरीवाल ने आगे कहा कि यह 620 मीटर लंबा फ्लाईओवर है और इसके लिए 66 करोड़ रुपये मंजूर किये गए थे। हालांकि, हमने इसे 50 करोड़ रुपये के भीतर पूरा कर लिया। फ्लाईओवर में तीन लेन, रैंप, स्टिल्ट हिस्से और यू-टर्न के लिए लूप होंगे।

## सियाचीन में देश के लिए शहीद हुआ पहला अग्निवीर

**नई दिल्ली,22 अक्टूबर 2023(ए)।** लद्दाख के सियाचिन में भारतीय सेना के अग्नि वीर जवान गावते अक्षय लक्ष्मण की शहादत हुई है. वह लाइन आफ ड्यूटी के दौरान शहीद होने वाले पहले अग्नि वीर जवान है । लक्ष्मण भारतीय सेना की फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स का हिस्सा थे। सेना ने बताया है कि उन्हें दुनिया के सबसे उंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन के ग्लेशियर में तैनात किया गया था। सेना के सूत्रों ने कहा है कि बलिदानी जवान के पार्थिव शरीर को आज उनके घर भेजा गया।

## सांसद महुआ मोइत्रा पर कार्रवाई करेगी टीएमसी

**कोलकाता,22 अक्टूबर 2023(ए)।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा से जुड़े विवाद पर पार्टी ने दूरी बना ली है। एवं किसी भी प्रकार का कोई जवाब देने से इंकार कर दिया है। सांसद महुआ पर आरोप लगे हैं कि उन्होंने संसद में अडाणी ग्रुप से जुड़े सवाल पूछने के लिए बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी से पैसे लिए। इन आरोपों को लेकर टीएमसी के पश्चिम बंगाल के जनरल सेक्रेटरी और प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी को इस मामले में कुछ नहीं कहना है। हमें लगता है कि जो इंसान इस विवाद में घिरा है, वही इस पर बात करने के लिए सबसे सही व्यक्ति है। इसी के साथ ही अब खबर आ रही है कि पार्टी ने महुआ मोइत्रा पर कार्रवाई करने का मन भी बना लिया है।

पार्टी ने उनसे इस घटना को लेकर जवाब मांगा है। टीएमसी के वरिष्ठ नेता

और सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा है कि महुआ से पार्टी ने इस पूरी घटना को लेकर जवाब देने को कहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी इस मामले में जल्द ही उचित निर्णय लेगी। ऐसी जानकारी मिल रही है कि टीएमसी संसदीय आचार समिति की रिपोर्ट के बाद ही एक्शन ले सकती है।

तृणमूल पार्टी के ऐसे बयान को लेकर भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी ऐसे अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकती है। उन्होंने कहा कि जब भी टीएमसी नेता गिरफ्तार होते हैं या किसी विवाद में घिरते हैं तो पार्टी अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लेती है। पार्टी को ये बताना होगा कि वह महुआ मोइत्रा को सपोर्ट करती है या नहीं।भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने महुआ पर एक और गंभीर आरोप लगाया। निशिकांत ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में लिखा- कुछ पैसे के लिए एक सांसद ने देश की सुरक्षा को गिरवी रख दिया। मैंने इसे लेकर लोकपाल से शिकायत की है।

## सपा सांसद बोले-हो सकता है एनकाउंटर

### सुबह 4.50 बजे आजम खां और बेटे को दूसरी जेल किया शिफ्ट,

**रामपुर ,22 अक्टूबर 2023(ए)।** बेटे के दो जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में फंसे समाजवादी पार्टी आजम खां को रविवार सुबर जेल से निकाला गया तो वह बोले, हमारी जान को खतरा है। हमारा एनकाउंटर हो सकता है और कुछ भी हो सकता है। आजम खां को बेटे अब्दुल्ला के दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में 18 अक्टूबर को सात साल की सजा सुनाई गई थी। उनके साथ ही उनकी पत्नी पूर्व सांसद तजीन फात्मा और अब्दुल्ला को भी सात साल की सजा हुई है।प्रशासन ने अब्दुल्ला को हरदोई और आजम खां को सीतापुर की जेल स्थानांतरित किया है। रविवार सुबह 4-50 बजे अब्दुल्ला और आजम खां को जेल से बाहर निकल गया तो वहां कुछ मीडिया कर्मी पहुंच गए। उन्हें देखते ही आजम खां बोले, हमारी जान खतरे में है। हमारा एनकाउंटर भी हो सकता है। आजम खां समाजवादी पार्टी के फायर

ब्रांड नेता रहे हैं। वह रामपुर शहर से 10 बार विधायक चुने गए।

पुलिस ने जेल से बाहर निकालने के बाद आजम खां को गाड़ी में बैठाया तो बीच में बैठने से मना करने लगे। बोले मैं बीमार हूं। बीच में नहीं बैठ सकता। मेरी उम्र का तो लिहाज कीजिए। सीओ रवि खोकर ने उनसे कई बार बीच में बैठने का आग्रह किया, लेकिन वह नहीं माने। बोले, अगर हाथ पैर तोड़ कर ले जाओ तो चला जाऊंगा, वर्ना बीच में नहीं बैठ पाऊंगा। इस पर पुलिस उन्हें खिड़की की साइड में बैठ कर ही ले गई।

## गरबा के दौरान हार्ट अटैक से 10 लोगों की मौत

**खेड़ा,22 अक्टूबर 2023(ए)।** गुजरात के खेड़ा जिले के कपड़वंज में नवरात्रि उत्सव के दौरान गरबा खेलते समय 17 वर्षीय लड़के की कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि घटना 20 अक्टूबर को हुई और पीड़ित की पहचान वीर शाह के रूप में हुई। वीर जोशीले नृत्य का आनंद ले रहा था, तभी उसे अचानक चक्कर आने लगा और वह बेहोश हो गया।

डॉ. आयुष पटेल, एमडी मेडिसिन ने कहा, मौके पर मौजूद स्वयंसेवकों ने कार्डियो-श्वसन पुनर्जीवन का काप्र प्रयास किया। अधिकारियों ने कहा कि तत्काल चिकित्सा देखभाल और नजदीकी अस्पताल में ले जाने के बावजूद, किशोर को मृत घोषित कर दिया गया। वीर के माता-पिता कपडवंज में एक अन्य गरबा स्थल पर नवरात्रि समारोह में भाग ले रहे थे जब उन्हें अपने बेटे के दुखद निधन की सूचना मिली। अचानक हुए घटना से आहत वीर

के पिता रिपल शाह ने बाद में अन्य जश्न मनाने वालों से एक अपील जारी कर उनसे नृत्य के बीच आराम करने का आग्रह किया। शाह ने कहा, बच्चे को खोने का दर्द अथाह है और मुझे उम्मीद है कि किसी अन्य माता-पिता को यह दर्द नहीं सहना पड़ेगा। दिवंगत आत्मा के सम्मान में कार्यक्रम स्थल पर आयोजकों ने दो मिनट का मौन रखा और गरबा भी स्थगित कर दिया गया।

वीर उन कम से कम 10 लोगों में शामिल था, जिनकी गुजरात में 24 घंटे के दौरान नवरात्रि समारोह में गरबा करते समय मौत हो गई। पिछले कुछ दिनों में राज्य में इस तरह की घटनाओं की एक श्रृंखला सामने आई है, जिसमें दभोई, बड़ौदा का एक 13 वर्षीय लड़का भी शामिल है, जिसे दिल का दौरा पड़ा और उसकी मौत हो गई। अन्य हताहतों में अहमदाबाद के 28 वर्षीय रवि पांचाल शामिल हैं, जो गरबा खेलते समय अचानक गिर गए और शुक्रवार की रात उनकी मृत्यु हो गई, और 55 वर्षीय शंकर राणा, जो वडोदरा में धुनों पर थिरकते समय गिर गए और दम तोड़ दिया।

## कांग्रेस का केंद्र पर आरोप

### केंद्र अपनी योजनाओं में भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए घोंट रहा है सीएजी का गला

**नई दिल्ली,22 अक्टूबर 2023(ए)।** कांग्रेस पार्टी ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि वह सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी उजागर करने वाले अधिकारियों का तबादला कर स्वतंत्र संस्था भारत के नियंत्रक महालेखाकार जैसी स्वतंत्र संस्था को बंद करने और कुचलने की कोशिश कर रही है।

### केंद्र की परियोजना का किया जिक्र

पवन खेड़ा ने दावा किया कि मोदी सरकार की भारतमाला परियोजना, द्वारका एक्सप्रेसवे और आयुष्मान योजना में गलत कामों को उजागर करने वाले तीन सीएजी अधिकारियों को बिना सोचे-समझे बाहर कर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि सीएजी जी सी मुर्मू इतने दबाव में हैं कि वह किसी भी रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर रहे हैं।

### आयुष्मान भारत योजना में 43 हजार करोड़ का घपला

खेड़ा ने दावा किया कि केंद्र की आयुष्मान भारत योजना के तहत लगभग 43,000 करोड़ रुपये का दुरुपयोग की बात सामने आई है। कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि कई मामलों में एक ही फोन नंबर पर 200 से अधिक मुआवजे का भुगतान दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि भारतमाला परियोजना में जिस काम की लागत एक रुपये होनी चाहिए थी, उसकी लागत 14 रुपये आई।

### आदेश मिलने के बाद रुका फील्ड वर्क

पवन खेड़ा ने कहा कि इन तीन परियोजनाओं के अलावा, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा टोल वसूली के साथ-साथ अयोध्या विकास, ग्रामीण विकास मंत्रालय और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से संबंधित परियोजनाओं में भी त्रुटियां पाई गई हैं। खेड़ा ने दावा किया कि विच-हंट केवल तीन अधिकारियों के तबादले से नहीं रुका, बल्कि लिखित आदेश जारी किए गए और कर्मचारियों को सभी फील्ड वर्क रोकने के लिए कहा गया था।

पार्टी प्रवक्ता और संचार विभाग में मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कहा, ÷मोदी सरकार स्वायत्त संस्थाओं को नष्ट करने का अपराध करके अनिवार्य रूप से अपराधी बन गई है।÷ उन्होंने कहा कि मीडिया और समाज इस मामले पर चुप हैं।

### खेड़ा ने किया ये दावा

सीएजी, जिसने 2015 में 55 रिपोर्ट जारी की थी, 2020 में केवल 14 रिपोर्ट लेकर आई, खेड़ा ने सरकारी जवाबदेही में अपनी कम होती भूमिका की ओर इशारा करते हुए कहा, ÷इसे सहन नहीं किया जाएगा।÷ उन्होंने कहा, ÷ इन हानिकारक सीएजी रिपोर्टों के कुछ ही दिनों के भीतर, जो अधिकारी इन परियोजनाओं के ऑडिटिंग के प्रभारी थे, उनका बेशर्मी से ट्रांसफर कर दिया गया।

## आंध्र प्रदेश से 300 किलो बेहिसाब सोना जब्त

**तिरुपति ,22 अक्टूबर 2023(ए)।** आयकर विभाग (आईटी) ने आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले के प्रोद्दतुर कस्बे में चार आभूषण दुकानों से लगभग 300 किलोग्राम बेहिसाब सोना जब्त किया है। विजयवाड़ा और तिरुपति के आईटी विभाग के अधिकारियों ने पिछले चार दिनों की तलाशी के दौरान सोना जब्त किया है। प्रोद्दतुर सोने के कारोबार के लिए प्रसिद्ध है। इस कस्बे को 'सेकेंड बॉम्बे' और 'टाउन ऑफ गोल्ड' कहा जाता है। अधिकारियों ने पाया कि कस्बे के कुछ ज्वैलर्स बिना बिल के विभिन्न स्थानों से सोना खरीद रहे थे। सर्च करने पर पता चला कि सोने का हिसाब डायरी में नहीं था। बाद में अधिकारियों ने जब्त किए गए सोने को सूट-केस और डिब्बों में उच्च सुरक्षा के बीच तिरुपति पहुंचाया। जांच से पता चला कि ज्वैलर्स प्रासंगिक दस्तावेजों के बिना गुजरात, मुंबई और कोलकाता से सोना खरीद रहे थे। शहर के कुछ शीर्ष ज्वैलर्स कथित काले कारोबार में लिप्त थे।

## पीएनबी घोटाले से भी बड़ी 16,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी उजागर

» जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य उजागर

» झुग्गीवासियों के नाम पर बने थे कई फर्मो के बैंक खाते

**मुंबई,22 अक्टूबर 2023(ए)।** वर्तमान में डिजिटल भुगतान प्रणाली का उपयोग भारत में इस कदर बढ़ गया है कि ऊंचे से लेकर निचले तबके के अधिकांश लोग इसी का इस्तेमाल करने लगे हैं। मगर तकनीकी रूप से सुदृढ़ इस प्रणाली पर भी साइबर अपराधी सेंध मारने लगे हैं। ऐसे ही मामले में एक डिजिटल भुगतान कंपनी ने रोजाना किए जाने वाले लाखों लोगों में से एक लेनदेन पर नजर डाली, तो पता लगा कि यह 16,180 करोड़ रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी वाला लेनदेन है। यह जनवरी 2018 के पंजाब नेशनल बैंक घोटाले से भी बड़ा था, जिसमें शीर्ष हीरा व्यापारी शामिल थे। इस मामले ने ठाणे पुलिस को

चक्कर में डाल दिया।

पेआउट प्लेटफॉर्म को किया हैक

इस बड़े घोटाले का आधिकारिक तौर पर खुलासा ठाणे के श्रीनगर पुलिस स्टेशन द्वारा किया गया, जिसने सेफएक्सपे टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, ठाणे द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद एफआईआर दर्ज की। पुलिस जांचकर्ताओं ने कहा कि सेफएक्सपे के पेआउट प्लेटफॉर्म को कथित तौर पर कुछ अज्ञात संस्थाओं द्वारा हैक कर लिया गया था, और बाद की जांच से पता चला कि कम से कम 16,180 करोड़ रुपये की हेराफेरी की गई है, जिसमें से कुछ पैसे विदेश भेजे गए हैं।

### संदिग्ध लेनदेन की सूचना पर हुआ खुलासा

ठाणे स्थित सेफएक्सपे के संस्थापक-सीईओ रवि गुप्ता ने कहा कि यह घोटाला अप्रैल के आसपास सामने आया जब दिल्ली, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के चार व्यापारियों ने बैंक शेष और सिस्टम शेष के बीच संदिग्ध विसंगतियों की सूचना दी। सेफएक्सपे की वित्तीय संचालन टीमों द्वारा सावधानीपूर्वक आंतरिक जांच में पाया गया कि इन चारों में से एक व्यापारी के लॉगिन से छेड़छाड़ की गई है और आगे यह पाया गया कि संदिग्ध लेनदेन उनका नहीं था।

सेफएक्सपे, जिसके बारे में कहा जाता है कि वह हर दिन 100,000 से अधिक लेनदेन संभालता है, ने तुरंत लाभार्थियों और संबंधित बैंकों को मामले की सूचना दी, साथ ही तथाकथित 'गोल्डन पीरियड' में पैसों के अवैध हस्तांतरण को रोकने की प्रक्रिया शुरू की।

गुप्ता ने कहा, इस साइबर अपराध के चलते 25 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और खुलासे से हैरान सेफएक्सपे ने तुरंत 20 अप्रैल को ठाणे पुलिस साइबर अपराध जांच सेल और राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। कंपनी ने इसके बाद 16 जून, 2023 को विस्तृत साक्ष्य और अन्य सामग्री के साथ श्रीनगर पुलिस स्टेशन में एक विस्तृत एफआईआर दर्ज की।

## संपादकीय

### कांग्रेस राष्ट्रीय गठबंधन नहीं करेगी

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन करे। उन्होंने मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए कुछ सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और अब चाहते हैं कि वो सीटें कांग्रेस छोड़ दे। हालांकि कांग्रेस इसके लिए तैयार नहीं हो रही है। कांग्रेस का कहना है कि वह भी समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन चाहती है लेकिन सपा पहले से घोषित अपनी सीटों पर लड़ने के लिए अड़ी है। इस गतिरोध के बीच अखिलेश यादव ने कहा है कि कांग्रेस को तय करना है कि वह राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन करेगी या राज्य के स्तर पर।

इस पर कांग्रेस के एक जानकार नेता का कहना है कि कांग्रेस स्वाभाविक रूप से राज्यों के स्तर पर गठबंधन करेगी। वह क्यों प्रादेशिक पार्टियों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन करे? असल में कांग्रेस के साथ विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर तालमेल की बात कर रही हैं। इससे सभी पार्टियों के लिए कुछ सीटें छोड़नी होंगी। जैसे सपा अभी मध्य प्रदेश में मांग रही है सीट तो एनसीपी किसी और राज्य में मांगेगी, राजद की मांग किसी और राज्य में होगी तो जदयू कहीं और सीट मांगेगी। इससे कांग्रेस का अपनी समीकरण बिगड़ेगा। इसलिए कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि वह राज्यों में प्रादेशिक पार्टियों की स्थिति का आकलन करने के बाद ही तालमेल करेगी। दूसरी ओर प्रादेशिक पार्टियां भी उसके साथ ऐसा ही बरताव करेंगी। वे भी अपने असर वाले राज्यों में कांग्रेस की स्थिति का आकलन करके उसके लिए सीट छोड़ेंगी।

# मोदी का चेहरा कितना फर्क डालेगा ?

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में दो राज्य- तेलंगाना और मिजोरम ऐसे हैं, जहां भाजपा कभी मजबूत नहीं रही है। न विधानसभा चुनावों में उसकी चुनौती को गंभीरता से लिया गया है। इस बार भी दोनों राज्यों में भाजपा लड़ रही है लेकिन वह किसी के लिए चुनौती नहीं है। हां, बाकि तीन राज्यों में वह बहुत गंभीरता से पहले भी लड़ती रही है और अब भी लड़ रही है। इस बार फर्क यह है कि अब तक इन राज्यों में भाजपा प्रादेशिक क्षत्रपों के नाम और काम पर लड़ती थी, इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर लड़ रही है। प्रधानमंत्री ने खुद ऐलान किया है कि इस बार के चुनाव में कमल का फूल ही चेहरा है। मध्य प्रदेश में तो प्रचार के जो रथ निकले हैं उन पर नारा लिखा है- मोदी के मन में बसता है एमपी और एमपी के मन में मोदी। प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के लोगों के नाम एक खुली चिट्ठी भी लिखी है। तभी सवाल है कि मोदी का चेहरा चुनाव में कितना फर्क डालेगा?

मध्य प्रदेश में विधानसभा का चुनाव कभी भी बड़े अंतर वाला नहीं रहा है। पिछली बार यानी 2018 में जब कांग्रेस पार्टी जीती थी, तब भी कांग्रेस और भाजपा के वोट में एक फीसदी से कम का अंतर था और वोट के लिहाज से भाजपा बड़ी पार्टी थी। पिछला चुनाव शिवराज सिंह चौहान के चेहरे पर लड़ा गया था, जो 12 साल से ज्यादा समय से लगातार मुख्यमंत्री थे। इसके बावजूद पूरे राज्य में उनके खिलाफ नाराजगी की कोई लहर नहीं दिख रही थी। यह जरूर हो रहा था कि प्रचार में राम मनोहर लोहिया का यह नारा सुनने को मिला था कि तवे पर रोटी को उलटते-पलटते रहना चाहिए नहीं तो रोटी जल जाती है। तभी ऐसा लगा कि लोगों ने सिर्फ बदलाव के लिए बदलाव कर दिया और कांग्रेस को भाजपा से ज्यादा सीटें आ गई। पांच साल बाद भी हालात बहुत नहीं बदले हैं।

शिवराज के खिलाफ अब भी कोई नाराजगी की लहर नहीं है लेकिन भाजपा आलाकमान ने खुद ही उनकी नैतिक सत्ता कमजोर कर दी है। उनके नाम और काम पर चुनाव लड़ने की बजाय भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नाम और काम पर लड़ रही है। अगर मोदी का नाम भाजपा के पारंपरिक वोट में एक फीसदी का भी इजाफ कर दे तो तस्वीर बदल जाएगी। ध्यान रहे पिछले चुनाव में कांग्रेस ने जो 114 सीटें जीती थीं उनमें 40 सीटें ऐसी थीं, जिन पर वह 10 हजार से कम वोट जीती थी और भाजपा ने 109 में 44 सीटों पर 10 हजार से कम अंतर से जीत दर्ज की थी। कम अंतर से जीत-हार वाली इन 84 सीटों पर जो समीकरण बनेगा उससे मध्य प्रदेश का नतीजा तय होगा। प्रधानमंत्री मोदी अपना जादू चला कर इन सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं तो दूसरी ओर एकजुट होकर लड़ रही कांग्रेस शिवराज को किनारे किए जाने का फायदा मिलने की उम्मीद में है।

राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा के बीच पिछले चुनाव में एक फीसदी से थोड़े ज्यादा वोट का अंतर था। कांग्रेस को 39.3 और भाजपा को 38.08 फीसदी वोट मिले थे। इतने भर से 27 सीटों का अंतर आ गया था। पिछली बार भाजपा वसुंधरा राजे के चेहरे पर लड़ी थी। वे पांच साल से मुख्यमंत्री थीं। इस वजह से उनकी सरकार के खिलाफ एंटी इन्कम्बैंसी भी थी। दूसरे राजस्थान में पांच साल में सत्ता बदलने का रिवाज रहा है। 1993 के बाद से कोई भी सरकार रिपीट नहीं हुई है। यह बात कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ जाती है। फिर भी उन्होंने अपने कार्यकाल के आखिरी साल में बहुत मेहनत की है और अनेक बड़ी योजनाओं की घोषणा की है। लोक लुभावन घोषणाओं और लाभार्थी वोट के दम पर गहलोत कड़ी टक्कर देने की उम्मीद कर रहे हैं। उनको भी प्रदेश के किसी नेता से नहीं लड़ना है। उनकी लड़ाई नरेंद्र मोदी से है। गहलोत पिछड़ी जाति का दांव भी चल रहे हैं और चुनाव की घोषणा से दो दिन पहले जातीय गणना की अधिसूचना जारी कर दी। लेकिन दूसरी ओर मोदी भी अपने को पिछड़ा नेता बता कर ही प्रचार कर रहे हैं।

कुल मिलाकर राज्यों में कांग्रेस के मजबूत प्रादेशिक क्षत्रपों का मुकाबला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से है। मोदी ने जान-बूझकर कांग्रेस के क्षत्रपों से अपना मुकाबला बनाया है तो निश्चित रूप से उनके पास कुछ दांव होंगे, जिन्हें चुनाव प्रचार में आजमाया जाएगा। लेकिन इन तीनों राज्यों के राजनीतिक इतिहास और मौजूदा हालात को देखते हुए लगता है कि मोदी और अमित शाह ने बड़ा जोखिम लिया है। लोकसभा चुनाव से पहले अगर इन तीन राज्यों में या तीन में से दो राज्य कांग्रेस जीतती है तो वह भाजपा को बड़ा झटका होगा।

**-हरिशंकर व्यास-**

## माँ महागौरी

गोरिया बरन उज्जर रुप के कारन
महागौरी कहाथे।
संख, चंदा अउ मोगरा फूल ले तोर
उपमा दे जाथे।।
तोर गहना-गोटी अउ कपड़ा सादा हे
श्वेताम्बरधरा।
बइला के सवारी करथच दाई
वृषारूढ़ा शक्ति परा।।
सांत मुदरा म बइठे अन्नपूरना, चार
भुजा म दिब्यमान।
डमरू अउ तिरछुल धरे, अभय, वर
के देथच बरदान।।
भोले बबा के खातिर गौरी ह,
बिकट तपसिया करिस।
गंगाजल ले धोके करिया देंह ल,
चमकदार कर दिस।।
अचूक फलदायिनी, सेउक मन के
पाप ल धो देथच।
सेवा ह कल्यानकारी हे, किरपा ले
सिद्धि ल पवाथच।।
जेन माईलोगिन,माता के पूजा,
भकती भाव ले करथे।
ओखर सुहाग के रक्छा बर,
देबी ह खुद परगट होथे।।

**अशोक कुमार यादव**
मुंगेली, छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## जब गलत आरोप तुम नित लगाये जा रहे हो

जब गलत आरोप तुम पर नित
लगाये जा रहे हो
झूठ को नित सच बताकर झूठ
बोले जा रहे हो
और भ्रम में रखकर सदा अन्याय
करते जा रहे हो
मौन को फिर त्याग दो प्रिय जहां
उचे स्वर हो रहे हो
जब गलत आरोप तुम
पर नित-------
जो बड़ा होकर बड़पन्न जीवन में
नहीं जानता हो
उच्च पद की गरिमा को जो कभी
न पहचानता हो
जिसके उर में छल कपट और
ईर्ष्या की भावना हो
जो तुम्हारे साथ होकर भी तुम्हारा
भला न चाहता हो
जब गलत आरोप तुम प
नित--------
जब तुम्हें अपशब्द कहकर मारने
को आ रहा हो
जो तुम्हारी माँ को पागल और
अपशब्द कह रहा हो
जब बड़े निकृष्ट होकर हैवान बनने
की दिशा में हो
जो स्वयं अज्ञान होकर बुद्धिजीवी
बतला रहा हो
जब गलत आरोप तुम नित-
-------

**प्रभात गौर नेवादा जंघई**
प्रयागराज उत्तर प्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## मन भंवरे-सा भोले



मन भंवरे-सा भोले मेरा,
नित दिन गीत सुनाऊं मैं,
कभी प्रेम से पुलकित होकर,
शिव लिंग पर इठलाऊं मैं।
मन भंवरे-सा ....
नित दिन भोले के मंदिर में,
जमघट-सा लगता रहता है,
बेल पत्र और धतूरे से,
नव श्रंगार हुआ करता है।
मन भंवरे-सा ...
देहरी पार कर भोले आते,
मन-मंदिर हो जाता है,
झलक देख कर सारे जन में,
भक्ति-भाव जग जाता है।
मन भंवरे-सा ....
हांथ धरातल को झुकते हैं,
नयन नीचे हो जाते हैं,
देने की एक रीत बताते,
भोले सीख दे जाते हैं।
मन भंवरे-सा ...
भोले बन भोले-सा जीवन,
किसे रास नहीं आता है,
संग मिले जब-जब भोले का,
जीवन धन्य-धन्य होता है।
मन भंवरे-सा .....

**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम**
गांधीनगर, इन्दौर

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# कारोबारी संसार की घनचक्करी भूलभुलैया

मसला है कथित तौर पर पैसे ले कर लोकसभा में सवाल पूछने का। आरोप है कि महुआ ने उद्योगपति गौतम अडानी के कामकाज से संबंधित बहुत-से सवाल संसद में पूछे। ज्इसलिए महुआ मोइत्रा कितनी ही पाक-दामन हों, उन पर लगे छींटे हंगामा मचा रहे हैं।उन्हें तो अग्निपरीक्षा दे कर ही खुद को पवित्र साबित करना होगा। इस समूचे प्रसंग में हमारे-आपके लिए सबसे बड़े सुकून की बात यह है कि महुआ तो कैसे गंगा नहाएंगी, वे जानें, मगर इस पृथ्वी पर कोई भी अग्निकुंड ऐसा नहीं है, जिस से गुज़र कर अडानी अपने को निर्दोष साबित कर पाएं।

इस कहानी में चार अहम किरदार हैं। तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा, हीरानंदानी समूह के मालिक निरंजन हीरानंदानी के पुत्र दर्शन, भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सदस्य निशिकांत दुबे और कारोबारी दुनिया पर निगाह रखने वाली पत्रकार सुचेता दलाल। मसला है कथित तौर पर पैसे ले कर लोकसभा में सवाल पूछने का। आरोप है कि महुआ ने उद्योगपति गौतम अडानी के कामकाज से संबंधित बहुत-से सवाल संसद में पूछे। उन्होंने इसके लिए दर्शन हीरानंदानी से कई फ़ायदे लिए। इस आधार पर महुआ से इस्तीफ़े की मांग की जा रही है।

अब एक-एक कर इन चार किरदारों के बारे में थोड़ा जान लीजिए। 49 बरस की महुआ कोलकाता में अपनी आरंभिक पढ़ाई पूरी करने के बाद उच्च अध्ययन के लिए अमेरिका चली गई। वहां के मशहूर विश्वविद्यालयों में आर्थिक विषयों की पढ़ाई की और वहीं विश्व प्रसिद्ध निजी बैंक और संपत्ति प्रबंधन कंपनी जे.पी. मॉर्गन में नौकरी करने लगीं। 2009 में जब महुआ ने भारत की राजनीति में प्रवेश के लिए नौकरी छोड़ी तो वे मॉर्गन में उपाध्यक्ष थीं। आमतौर पर आठ से दस साल काम करने वाला व्यक्ति इस पद तक पहुंच जाता है।

देश वापस आने के बाद महुआ ने युवा कांग्रेस में काम करना शुरू किया। युवा कांग्रेस के 'आम आदमी का सिपाही' कार्यक्रम में काम करते हुए उन्होंने साल भर के भीतर ही अपनी अच्छी पहचान बना ली। कांग्रेस पार्टी में तरक्की की धीमी चाल महुआ को रास नहीं आ रही थी। सो, उन्होंने ममता बनर्जी की तरफ़ अपने क़दम बढ़ाए और तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गईं। 2016 में ममता ने उन्हें विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारी दे दी और जीत कर वे विधायक बन गईं। 2019 के चुनाव में उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी बना दिया गया। सो, वे चुन कर संसद में आ गईं।

कहानी के दूसरे किरदार दर्शन हीरानंदानी दुबई में रहते हैं। भवन निर्माण वग़ैरह से जुड़े काम करने वाले हीरानंदानी समूह का 20-25 हज़ार करोड़ रुपए का कारोबार है। दर्शन के दादा यानी निरंजन के पिता लखूमल कान-नाक-गला डॉक्टर थे। उन्हें पद्मभूषण सम्मान भी मिला था। निरंजन चार्टर्ड एकाउंटेंट थे। उन्होंने भवन निर्माण के कारोबार की शुरुआत कोई चार दशक पहले की थी। अब उनका समूह दुनिया की सौ सबसे बड़ी कंपनियों में शामिल है। बेटे दर्शन के अलावा उनकी एक बेटी भी है ङ्क प्रिया। दर्शन का विवाह दिल्ली के व्यवसायी प्रदीप झालानी की बेटी नेहा से हुआ है। प्रिया की शादी लंदन में व्यवसाय कर रहे साइरस वंद्रेवाला से हुई है।

पैसे ले कर सवाल पूछने का आरोप महुआ पर लोकसभा में सबसे पहले लगाने वाले भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे राजनीति में आने के पहले एस्सार उद्योग समूह में उच्चाधिकारी थे। कहानी का यह तीसरा पात्र 2009 में पहली बार लोकसभा में आया था। झारखंड की सियासत में विवादों के बादल निशिकांत के आसपास हमेशा से तैरते रहे हैं। 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो निशिकांत ने मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए पूरा ज़ोर लगा दिया था। तब से वे लगातार अपनी यह कोशिश जारी रखे हुए हैं। लेकिन 2019 में तीसरी बार लोकसभा में चुन कर आने के बावजूद अब तक उन्हें मंत्री नहीं बनाने की वज़ह सिर्फ़ प्रधानमंत्री को मालूम है।

निशिकांत ने आरोप लगाया है कि महुआ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बदनाम करने के मकसद से अडानी समूह के खिलाफ़ संसद में सवाल पूछे। उनका कहना है कि महुआ ने इसके लिए हीरानंदानी समूह से कई फ़ायदे तो लिए ही, पैसे भी लिए। अपने पर लगे आरोपों के जवाब में महुआ ने निशिकांत पर मानहानि का मुक़दमा ठोक दिया है। निशिकांत ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिख कर कहा है कि महुआ ने सांसद के नाते मिले विशेषाधिकार का दुरुपयोग किया है और उनकी लोकसभा सदस्यता ख़त्म की जानी चाहिए।

दर्शन हीरानंदानी ने लोकसभा की आचार समिति को दिए अपने हलफ़नामे में कहा है कि महुआ ने अपने अधिकृत संसदीय एकाउंट की लॉग-इन आईडी का पासवर्ड उन्हें दिया था ताकि वे सवाल सीधे ही लोकसभा सचिवालय को भेज सकें। महुआ का कहना है कि दो-तीन दिन पहले तो हीरानंदानी समूह ने सार्वजनिक बयान दिया था कि सारे आरोप बेबुनियाद हैं। अब दर्शन से यह हलफ़नामा प्रधानमंत्री कार्यालय ने दबाव डाल कर दाखिल कराया है। उन्हें धमकी दी गई कि अगर वे ऐसा नहीं करेंगे तो उनके सारे सरकारी ठेके रद्द कर दिए जाएंगे और समूह का पूरा कारोबार चौपट हो जाएगा।

क़िस्से की चौथी किरदार पत्रकार सुचेता दलाल हैं। पिछले चालीस साल में उन्होंने इकॉनामिक टाइम्स, बिजिनेस स्टेंडर्ड और टाइम्स ऑफ इंडिया जैसे कई अख़बारों में बतौर वित्तीय पत्रकार काम किया है। उन्होंने हर्षद मेहता शेयर घोटाला, एनरॉन घोटाला, आईडीबीआई बैंक घोटाला और केतन पारीख शेयर घोटाला उजागर करने जैसे धमाके किए हैं। वे पद्मश्री से सम्मानित हैं। पिछले 17 साल से वे अपने पति द्वारा संचालित पत्रिका 'मनी लाइफ' के लिए लिखती हैं। सुचेता ने अडानी समूह की कई गड़बड़ियों को उजागर करने वाली विस्तृत ख़बरें लिखी हैं। उनके बारे में कहा जा रहा है कि वे अडानी के ख़िलाफ़ सवाल पूछने में महुआ को सक्रिय मदद कर रही थीं। मगर सुचेता का कहना है कि वे और महुआ तो एक-दूसरे को जानते तक नहीं हैं।

कारोबारी संसार की इस घनचक्करी भूलभुलैया में कई खुरपेंच हैं। यह अनायास नहीं है कि पिछले कुछ दशकों में हमारे निर्वाचित और नामजद जनप्रतिनिधियों की जाजम का रंग तेजी से बदला है। एक वक़्त समाज सेवा, शिक्षा-जगत और कृषि से जुड़े लोगों का अनुपात संसद और विधानसभाओं में अच्छा-खासा हुआ करता था। अब इन हलकों से आने वाले हाशिए पर हैं। पिछले कुछ दशकों से राजनीति के निर्वाचित दरीचे और समूचे सांगठनिक कैनवस पर कारोबारी विद्याओं में माहिर पेशेवर विशेषज्ञ काबिज़ होते जा रहे हैं। वे पश्चिमी दुनिया के बड़े-छोटे वित्तीय संस्थानों के छोटे-बड़े पदों पर काम करते हुए सियासत में घुसे हैं। वे निजी कॉरपोरेट संस्थानों की ध्रुव-कुर्सियां संभालने के बाद राजनीति के मंच पर अवतरित हुए हैं। वे अलग-अलग अदालतों में कॉरपारेट दुनिया के अपने मुवक्किल-बादशाहों को 'न्याय दिलाने' के लिए बतौर उनके वकील लड़ते-लड़ते लोकतंत्र के अलग-अलग मंदिरों में पुजारी बने हैं। वे आर्थिक विषयों और आंतरिक तथा बाह्य सुरक्षा संबंधी प्रशासनिक ज़िम्मेदारियों का निर्वाह-कुनिर्वाह करने का अनुभव ले कर राजनीति पर कब्जा करने आए हैं। इसलिए महुआ मोइत्रा कितनी ही पाक-दामन हों, उन पर लगे छींटे हंगामा मचा रहे हैं। आप उलट कर पूछ सकते हैं कि उन पर पैसे ले कर सवाल पूछने का इल्ज़ाम लगाने वाले अडानी के हज़ारों करोड़ रुपए की रहस्यमयी आवाजाही पर ख़ामोश क्यों हैं? आप गौतम अडानी से दर्शन हीरानंदन की अदावत के पीछे के कारण भी गिना सकते हैं। आप निशिकांत दुबे के नैतिक इतिहास पर भी प्रश्न खड़े कर सकते हैं। मगर इस सबसे महुआ का पल्लू क्या सफेद झक हो जाएगा? अडानी का चेहरा भले ही कोयले की कालिख से कलूटा है, मगर इससे महुआ के सिर के पीछे आभा-चक्र स्वयमेव कैसे घूमने लगेगा? उन्हें तो अग्निपरीक्षा दे कर ही खुद को पवित्र साबित करना होगा। इस समूचे प्रसंग में हमारे-आपके लिए सबसे बड़े सुकून की बात यह है कि महुआ तो कैसे गंगा नहाएंगी, वे जानें, मगर इस पृथ्वी पर कोई भी अग्निकुंड ऐसा नहीं है, जिस से गुज़र कर अडानी अपने को निर्दोष -साबित कर पाएं।

**-पंकज शर्मा-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# आंख के बदले आंख' सिद्धांत कितना प्रासंगिक

आंख के बदले आंख और दांत के बदले दांत', यह पंक्ति बेबीलोन के राजा हाम्बुराबी (1790 ई. पूर्व) के कानून का एक अंश है। एक विशाल पत्थर के स्लैब पर अंकित हाम्बुराबी की कानून संहिता को सन् 1901 में ईरान के 'सुसा' शहर में खोजा गया था तथा मौजूदा वक्त में यह स्टेल पेरिस के 'लौवर' संग्रहालय में संरक्षित है। प्रखर राष्ट्रवाद के लिए प्रसिद्ध इजरायल की सेना अपने दुश्मनों के साथ आंख के बदले आंख के सिद्धांत पर काम करती है। लेकिन 'आंख के बदले आंख पूरे विश्व को अंधा बना देगी', यह कथन 'महात्मा गांधी' का है। महात्मा बुद्ध, महावीर, गुरु नानक देव जैसे महापुरुषों के आध्यात्मिक ज्ञान की विरासत, अहिंसा के मंत्र, सत्य के सिद्धांत सदियों से भारतीय सभ्यता का हिस्सा रहे हैं। मगर प्रश्न यह है कि जब पड़ोस में आतंक का तर्जुमान पाकिस्तान हो, दूसरी तरफ शातिर चीन तथा अन्य मुल्क वक्त की नजाकत को देखकर रंग बदलने में माहिर हों तथा विदेशों में शरण लेकर भारत को खंडित करने का ख्वाब देख रहे चरमपंथी संगठन मौजूद हों, तो शांति का मसीहा बनकर नैतिकता का पाठ व अहिंसा के सिद्धांतों की दुहाई देना कितना प्रासंगिक है।

रूस-यूक्रेन की जंग व इजरायल के साथ हमास जैसे चरमपंथी संगठन के सशस्त्र संघर्ष ने विश्व को कई सबक सिखा दिए हैं। गत सात अक्तूबर 2023 को जब इजरायल की आवाम अपना 'योम किप्पुर' नामक पर्व मना रही थी, तब फिलिस्तीन के गाजापट्टी से संचालित होने वाले चरमपंथी संगठन 'हमास' ने इजरायल पर खौफनाक हमले को अंजाम देकर पूरी दुनिया को चौंका दिया। हमास ने इजरायल पर हमला करके पचास वर्ष पूर्व की उस तारीख को ताजा कर दिया जब मिस्र व सीरिया की सेनाओं ने मिलकर छह अक्तूबर 1973 को इजरायल पर योम किम्पूर पर्व के अवसर पर हमला किया था। इजरायल के वर्तमान प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू उस योम किप्पुर जंग में इजरायली सेना का हिस्सा बनकर लड़े थे। इजरायली सेना के शदीद पलटवार के बाद 26 अक्तूबर 1973 को सीजफायर का ऐलान हुआ। युद्ध के बाद मिस्र व इजरायल में मुजाकरात का दौर शुरू हुआ। एक तवील अर्से के बाद पूर्व सैन्य अधिकारी रहे मिस्र के राष्ट्रपति मुहम्मद अनवर अल सादत ने सन् 1977 में इजरायल का दौर किया। सन् 1978 में मु. अनवर अल सादत तथा इजरायली प्रधानमंत्री 'मेनाकेम बेगिन' के बीच मिस्र-इजरायल नामक शांति संधि हुई। लेकिन कट्टरपंथ की उल्फत में डूबे कई मुल्कों को वो शांति संधि नागवार गुजरी। आखिर छह अक्तूबर 1981 के दिन मिस्र की राजधानी काहिरा में सैन्य परेड के दौरान आतंकियों ने राष्ट्रपति मो. अनवर अल सादत को कत्ल कर दिया था। भावार्थ यह है कि मैदाने जंग में दुश्मन को धूल चटाकर हमेशा फातिम योद्धा का किरदार निभाने वाले मुल्क इजरायल के साथ युद्ध तथा शांति संधि दोनों इंतसार पैदा करते हैं। किसी भी देश पर अचानक हमला होने की स्थिति में वहां की खुफिया एजेंसियों की चूक पर सवाल उठते हैं। देश की सुरक्षा में खुफिया विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

इजरायल देश की आंतरिक सुरक्षा का जिम्मा खुफिया एजेंसी 'शिन बेट' तथा देश के बाहर की कमान सन् 1949 में स्थापित 'मोसाद' संभालती है। जोखिम भरे मिशनों को खुफिया तरीके से अंजाम देने में माहिर मोसाद दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खुफिया एजेंसियों में शुमार करती है। मोसाद के खुफिया सैन्य मिशनों का एक शानदार इतिहास रहा है। 27 जून 1976 को इजरायल की राजधानी तेल अवीव में फ्रांस की ऐयरबस का कुछ आतंकियों ने अपहरण करके उसे युगांडा के एंतेबे हवाई अड्डे पर उतार दिया था, जिसमें ज्यादातर इजरायली नागरिक सवार थे। चार जून 1976 को इजरायल के 'एलिट ग्रुप' के कमांडो ने आपरेशन 'थंडरबोल्ट' को अंजाम देकर एंतेबे हवाई अड्डे पर सात आतंकियों सहित युगांडा के पचास सैनिकों को भी हलाक करके उस जहाज को रिहा करा लिया था। उस कमांडो मिशन में इजरायल के वर्तमान प्रधानमंत्री नेतन्याहू के बड़े भाई कर्नल 'जोनाथन नेतन्याहु' शहीद हो गए थे। गौर करने वाली बात है कि इजरायल का सियासी नेतृत्व करने वाले ज्यादातर सियासतदानों का सैन्य क्षेत्र का जमीनी अनुभव रहा है। लिहाजा इजरायल से प्रत्यक्ष युद्ध की हिमाकत कोई भी देश नहीं करता। इसीलिए आतंकी संगठनों की सरपरस्ती हो रही है। 14 मई 1948 को इजरायल ने खुद को एक आजाद मुल्क घोषित कर दिया था। वजूद में आने के एक दिन बाद ही अरब देशों ने इजरायल पर हमला बोल दिया था। तब यूएनओ ने मध्यस्थता करके युद्ध को शांत कर दिया था। दुश्मन देशों से घिरे इजरायल की आवाम पर अत्याचारों की एक लम्बी दास्तान है। मगर जिस प्रकार इजरायल ने खुद को हर क्षेत्र में सक्षम किया है वो एक मिसाल है। हमास के हमले से भारत की सियासी हरारत भी बढ़ चुकी है। मजहब के कई रहनुमां हैवानियत को शर्मसार करने वाले हमास के आतंकियों को इंकलाबी चेहरे बता रहे हैं।

मजलूमों को मारने का हश्र क्या होता है, हमास की इस हरकत का अंजाम फिलिस्तीन की आवाम भुगत रही है। शहर शमशान में तब्दील हो रहे हैं। अलबत्ता मजहबी नारे लगाकर बेगुनाह लोगों का कत्ल करने वाले आतंकियों को इजरायली सेना जहन्नुम की परवाज पर भेजकर ही दम लेगी। स्मरण रहे प्रतिशोध भरा इंतकाम जुल्म से भी बद्दतर साबित होता है। लाशें रोती नहीं, मगर उन्हें सुपुर्दे खाक करने वाले चीत्कार के साथ मातम मनाते हैं। नया शहर कितना भी आबाद हो, परंतु पीछे छूटने वाले आशियाने बेचैन करते हैं। इसलिए यूएनओ को युद्ध के कहर से शरणार्थी बन रहे लोगों का दर्द समझना होगा। बहरहाल जब बात राष्ट्र के स्वाभिमान की हो तो बेगुनाहों का रक्त बहाने वाली मानसिकता पर 'आंख के बदले आंख व दांत के बदले दांत' के सिद्धांत को अपनाना पड़ता है, मगर आंख के बदले आंख विश्व को अंधा बना देगी, गांधी जी के इस कथन पर भी विचार होना चाहिए। फिलिस्तीन-इजरायल से भारत के बेहतर रिश्ते हैं। अतः वैश्विक शांति के लिए दहशतगर्दी की किसी भी सूरत में हिमायत नहीं होनी चाहिए।

**-प्रताप सिंह पटियाल-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# अखिलेश यादव के बाद अब जयंत चौधरी ने बढ़ा दी इंडिया गठबंधन की टेंशन

उत्तर प्रदेश में 'इंडिया' गठबंधन को चलाना कांग्रेस के लिए टेढ़ी खीर होता जा रहा है। यह गठबंधन 2024 में मोदी को चुनाव हराने के लिए बना था, लेकिन उससे पहले पांच राज्यों में होने वाले विधान सभा चुनावों के दौरान गठबंधन में पड़ी रार ने साबित कर दिया है कि मोदी विरोधी नेता मोदी को हराने से अधिक अपनी राजनीति चमकाने में लगे हैं। मध्य प्रदेश में सीटों की दावेदारी को लेकर कांग्रेस-समाजवादी पार्टी के बीच का झगड़ा थम नहीं पाया था और अब राजस्थान विधान सभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के एक और सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी ने अपनी दावेदारी ठोक कर कांग्रेस को और भी दुविधा में डाल दिया है। बता दें कि इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनी समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) का उत्तर प्रदेश में पहले से ही चुनावी गठबंधन है। बीते वर्ष 2022 में यूपी विधान सभा चुनाव में सपा-रालोद मिलकर चुनाव लड़े थे। इन दोनों दलों में से सपा ने मध्य प्रदेश की 9 सीटों के अलावा राजस्थान में आरएलडी ने 6 सीटों की मांग कर दी है। आरएलडी ने राजस्थान में टिकट की दावेदारी करके वहां (राजस्थान) खुद को मजबूत करने की दलील दी है।

चुनाव के मद्देनजर आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी पहले ही जयपुर और भरतपुर समेत पांच विधानसभा सीटों पर प्रचार कर चुके हैं। वहीं, आने वाले दिनों में कुछ और सीटों पर उनकी रैलियों की योजना है। सूत्रों बताते हैं कि आरएलडी राजस्थान में जाट के अलावा दलित मतदाताओं को अपने पक्ष में जुटाने के लिए भीम आर्मी प्रमुख चन्द्रशेखर आज़ाद से हाथ मिला सकते हैं। बहरहाल, यूपी में इंडिया गठबंधन को लेकर अखिलेश यादव और जयंत चौधरी ने जो तेवर अपनाए हैं, उससे तो यही लगता है कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान समेत पांच राज्यों में होने वाले विधान सभा चुनाव को इंडिया गठबंधन की परीक्षा के तौर पर देखा जा रहा है। इन चुनावी राज्यों में यदि कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा रहा तो इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों पर दबाव आ जायेगा, लेकिन इसका उलटा हुआ तो कांग्रेस को झुकना पड़ेगा। मगर ऐसा हो पाये इससे पूर्व ही गठबंधन के दल आपसदारी में सेंध लगाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं।

**-स्वदेश कुमार-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# महाअष्टमी पर राजसी परंपरा अनुसार महामाया मंदिर में हुई संधि पूजा

» शहर के सभी देवी मंदिरों में भक्तों की लगी रही सुबह से भीड़

» श्रद्धालुओं ने शहर के विभिन्न पंडालों में पहुंच कर किए मां के दर्शन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी तिथि पर रविवार को देवी मंदिरों में भक्तों की पूरे दिन भीड़ लगी रही। वहीं सरगुजा राज परिवार द्वारा कुलदेवी मां महामाया की राजसी परंपरा के अनुसार संधि पूजा की गई। सरगुजा राज परिवार के टीएस सिंहदेव ने पैलेस से मंदिर पहुंचकर पूजा की। इस दौरान उनके भतीजे आदित्येश्वर शरण सिंहदेव भी मौजूद थे। इस दौरान मां महामाया मंदिर का पट बंद हो जाता है। संधि पूजा पूर्ण होने के बाद ही श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का पट खोला गया। महाअष्टमी के दिन महामाया मंदिर, समलाया मंदिर, मां दुर्गा शक्तिपीठ गांधी चौक, संत हरकेवल मंदिर, काली मंदिर, रघुनाथपुर मंदिर, शीतला मंदिर सहित शहर के सभी देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ सुबह से लगी रही।

लोगों ने विधिविधान से पूजा अर्चना कर अपने परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। महाअष्टमी के अवसर पर शहर व आस-पास के गामीण क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने शहर के विभिन्न पंडालों में पहुंच कर मां के दर्शन किए। शहर के विभिन्न जगहों पर आकर्षक पंडाल में मां की प्रतिमा स्थापित की गई है। लोगों ने देर रात तक पंडालों में जाकर मां का दर्शन किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा के अवसर पर हिन्दू युवा एकता मंच द्वारा शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। 24 अक्टूबर को विजया दशमी के दिन कलाकेन्द्र मैदान गांधी चौक से भाव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो महामाया मंदिर तक जाएगी। इस दौरान महामाया मंदिर परिसर में गंगा महाआरती का आयोजन किया जाएगा। मंच के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा अधिक से अधिक संख्या में लोगों को रैली में सम्मिलित होने की अपील की गई है।

### रघुनाथ पैलेस में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आज

सरगुजा राजपरिवार के मुखिया टीएस सिंहदेव एवं उनके उत्तराधिकारी आदित्येश्वर शरण सिंह देव द्वारा 23 अक्टूबर को शस्त्र पूजन रघुनाथ पैलेस में किया जाएगा। राजपुरोहित द्वारा पूजन कराई जाएगी। वहीं दशहरा 24 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन रघुनाथ पैलेस कचहरी में टीएस सिंहदेव आमजनों से मुलाकात करेंगे एवं नीलकंठ पूजा सम्पन्न होगी।

### जगह-जगह कन्या भोज का आयोजन

शारदीय नवरात्र के महाअष्टमी पर श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन कराया। वहीं उड़ान महिला समिति द्वारा दुर्गा सप्तमी के अवसर पर सुन्दरकांड का पाठ किया गया। दुर्गा अष्टमी के दिन स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया। वहीं महिला समिति ने कन्या पूजन, भोजन का कार्यक्रम सम्पन्न कराया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष सुनीता सोनी, सुनीता कुशवाहा, सीमा, कावेरी, सवी, अंजुला, गीता, प्रिया, शिखा, डॉली सहित समिति के अन्य सदस्य शामिल रहीं।

# पूर्व कांग्रेस विधायक चिंतामणी से मिले बृजमोहन अग्रवाल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

पूर्व कांग्रेस विधायक चिंतामणि महाराज से मिलने रविवार को पूर्व केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णु देव साय तथा भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव उनके गृह ग्राम श्रीकोट पहुंचे। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस मुलाकात को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस चुनाव में भाजपा को सहयोग करने के लिए पूर्व कांग्रेस विधायक से भाजपा नेताओं की चर्चा हुई है। चिंतामणी महाराज भाजपा शासनकाल में छत्तीसगढ़ संस्कृत बोर्ड के अध्यक्ष थे तथा 2013 में वो बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में आए व लुंड्रा से विधायक बने तथा 2018 में सामरी सीट से कांग्रेस की टिकट पर फिर से विधायक बने थे। वर्तमान में कांग्रेस ने उनका टिकट काट दिया है।

### टीएस डॉ.सिहदेव के खिलाफ अंबिकापुर से लड़ना चाहता हूं चुनाव

पूर्व कांग्रेस विधायक चिंतामणि महाराज ने पत्रकारों को बताया कि कांग्रेस से मरी टिकट करने के बाद पूर्व केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णु देव साय तथा भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव मिलने आए थे। इनका कहना था कि आप भाजपा में आ जाइए आपको लोकसभा चुनाव लड़ाउंगा। मैं अंबिकापुर विधानसभा के लिए भाजपा प्रत्याशी के लिए प्रस्ताव रखा हूं। क्योंकि भाजपा का अभी टिकट फाइनल नहीं हुआ है। इसके बाद अगर लोकसभा चुनाव लड़वाना होगा तो मैं तैयार हूं। 6 महीने बाद कौन देखा है। लोगों का मन छन-छन भर में बदल जाता है।

# समूह नृत्य प्रतियोगिता में 8 टिमों ने फाइनल में किया प्रवेश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

अनोखी सोच संस्था द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव के रंगारंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहा है। शनिवार को समूह नृत्य प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ एवं अन्य प्रदेशों से आए प्रतिभागियों ने अपने नृत्य-कला से शमा बांध दिया। समूह नृत्य की प्रतिभाओं ने शास्त्रीय, देशभक्ति, आध्यात्मिक, भोजपुरी, बॉलीवुड, छालीवुड के गीतों पर आकर्षक परिधान एवं थीम के माध्यम से अपने बेहतरीन नृत्य द्वारा जलवा बिखेरकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल की भूमिका में अल्का मिश्रा, प्राची जिंदल, रमिंदर कौर, चंद्रशेखर तिवारी एवं मिस्टर नासिर खां रहे। इन्होंने बड़ी समझदारी एवं परिपक्वता से फाइनल के लिए 8 समूहों का चयन किया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर लता गोयल, डॉक्टर रमणेश मूर्ति, डॉक्टर लखन सिंह, डॉक्टर मुकेश अग्रवाल, डॉक्टर अक्षय गोयल, डॉक्टर हर्षप्रीत टुटेजा, डॉक्टर साकेत जैन, अनमोल अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, अनूप अग्रवाल रहे। इन सभी प्रबुद्धजनों के साथ में संस्था के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश साहू ने उपस्थित जनसमूह को लोकतंत्र के महापर्व में आगामी 17 नवंबर को शतप्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ दिलाई।

# 25 वर्षीय महिला हुई लापता

- संवाददाता -
लखनपुर,22 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सुसकम पटेल पारा की 25 वर्षीय महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। वहीं लापता महिला के पति ने उदयपुर थाने पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराने आवेदन दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जयनंदन यादव पिता नोहरसाय यादव उम्र लगभग 30 वर्ष ग्राम सुसकम पटेलपारा थाना उदयपुर जिला सरगुजा निवासी जो 19 अक्टूबर की सुबह कार्य करने हेतु ग्राम खोडरी गया हुआ था। कार्य करके शाम को लगभग 5:00 बजे जब वह अपने घर आया तो देखा कि उसकी पत्नी देवती यादव घर पर नहीं थी शाम 7:00 बजे तक वह घर नहीं आई। प्राथी जयनंदन यादव अपनी पत्नी देवती यादव की खोजबीन आस पड़ोस सहित आसपास गांव में भी पूछताछ की परंतु देवती यादव का पता नहीं चला। जयनंदन यादव के द्वारा 21 अक्टूबर दिन शनिवार के शाम उदयपुर थाना पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराने आवेदन दिया गया। आवेदन में उल्लेखनीय की जय नंदन यादव ने अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर भाग ले जाने की शंका जाहिर की है। फिलहाल उदयपुर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# 137 नग अवैध नशीले कफ सिरप के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

137 नग अवैध नशीले कफ सिरप के साथ गांधीनगर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त नशीले कफ सिरप का कीमत 68 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी उसे बेचने के लिए चठिरमा के पास ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

गांधीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप जॉन लकड़ा को 21 अक्टूबर को मुखबिर से जानकारी मिली की 1 संदिग्ध व्यक्ति बनारस रोड स्थित चठिरमा के पास काफी मात्रा में नशीले कफ सिरप बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर उसके पास रखे बैग की तलाशी ली तो 137 नग अवैध नशीले कफ सिरप पाया गया। जिसकी कीमत 68 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने नशीले कफ सिरप को जब्त कर आरोपी आशीष शर्मा पिता स्व. परशुराम शर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी ब्रम्हरोड को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक अमृत सिंह, अनुज जायसवाल, शाहबाज खान, सीनू फिरदौशी, मनीष सिंह, अतुल सिंह, जितेश साहू, अरविन्द उपाध्याय, उमाशंकर साहू, अनिल सिंह परिहार, ऋषभ सिंह शामिल रहे।

# फ्लाइंग स्क्वॉड और सर्विलांस टीम ने की संदिग्धों पर कार्यवाही जारी

» साढ़े छह लाख की कीमत के आर्टिफिशल ज्वेलरी सहित कंबल, अवैध शराब जप्त

» फ्लाइंग स्क्वॉड और सर्वेलियंस टीम एक्टिव,वाहनों की जांच के साथ संदिग्धों रखते है नजर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

विधानसभा निर्वाचन के तहत प्रदेश में आचार संहिता प्रभावशील है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा प्रभावी रूप से आदर्श आचार संहिता के नियमावली का पालन जिले में कराया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचरण संहिता का पालन कराने लगातार फ्लाइंग स्क्वॉड टीम और सर्वेलियंस टीम लगातार लोगों और वाहनों के आवागमन की सघन जांच कर रही है।

इसी जांच के दौरान लुण्ड्रा के ग्राम सकालो में एसएसटी दल लुण्ड्रा क्रमांक 08 द्वारा एक वाहन में मखमल कम्बल पाया गया, जिसके सम्बन्ध में पूछताछ करने पर टीम को किसी भी प्रकार का दस्तावेज प्राप्त नहीं हुआ। चालक द्वारा पेश बिल में भी आशु रोड लाइंस ट्रांसपोर्ट लिखा पाया गया, जबकि दीपक रोड लाईन्स से ट्रांसपोर्ट किया जा रहा था। संदेह के आधार पर वाहन को रोका गया और दस्तावेज न मिलने पर पंचनामा तैयार कर टीम द्वारा जप्ती की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार फ्लाइंग स्क्वाड की टीम 01 द्वारा लुण्ड्रा में वाहन जांच के दौरान रविवार को लगभग साढ़े 6 लाख रुपए की कीमत के 1575 नग आर्टिफिशल ज्वेलरी अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर ज़ब्त किया गया। मौके पर उपस्थित जीएसटी विभाग द्वारा बिल की जांच की गई तथा संदिग्ध होने की पुष्टि के बाद टीम द्वारा आर्टिफिशल ज्वेलरी और वाहन जब्त कर ली गई है।

वहीं फ्लाइंग स्क्वाड की टीम द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 06 द्वारा बतौली में बिलासपुर चेक पोस्ट में वाहन जांच के दौरान 12 लीटर महुआ शराब जप्त कर बतौली थाने को सुपुर्द किया गया।

# व्यय प्रेक्षक वर्मा पहुंचे अम्बिकापुर, कलेक्टर एसपी ने किया स्वागत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

» नवीन कंपोजिट बिल्डिंग में कंट्रोल रूम सहित निर्वाचन सम्बन्धित कार्यों का लिया जायजा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के व्यय प्रेक्षक आईआरएस श्री विजय बहादुर वर्मा शनिवार को अम्बिकापुर पहुंचे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने श्री वर्मा से सर्किट हाउस में मिलकर उनका स्वागत किया।

व्यय प्रेक्षक श्री वर्मा ने कलेक्टर एवं एसपी की उपस्थिति में रविवार को जिला कार्यालय परिसर में नवीन कंपोजिट बिल्डिंग का निरीक्षण किया। इंटीग्रेटेड कंट्रोल एवं कमांड यूनिट में स्थापित एमसीएमसी कक्ष, कंट्रोल रूम, व्यय शाखा सहित अन्य कक्षों का अवलोकन किया तथा निर्वाचन सम्बन्धी तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष का अवलोकन कर नाम निर्देशन के लिए की गई जरूरी कार्यालयीन व्यवस्थाओं का भी जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत के उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कुमार कंवर, समस्त रिटर्निंग ऑफिसर, जिला स्तरीय अधिकारी और निर्वाचन से संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ...इस लड़ाई का कोई नायक नहीं केवल पीड़ित हैं

**नई दिल्ली,22 अक्टूबर 2023।** गाजा में चल रहे युद्ध पर कड़ी टिप्पणी करते हुए, सऊदी अरब के एक राजकुमार, जो देश के पूर्व खुफिया प्रमुख थे ने हमास और इजरायल दोनों की निंदा की है। साऊदी प्रिंस ने कहा है कि इस संघर्ष में कोई नायक नहीं है, केवल पीड़ित हैं। तुर्की अल फैसल ने एक अमेरिकी विश्वविद्यालय में अपने भाषण में भारत का भी करते हुए सविनय अवज्ञा के माध्यम से कब्जे का विरोध करने के स्वतंत्रता आंदोलन का उदाहरण दिया।

78 वर्षीय फैसल का एक वायरल वीडियो यह कहने के साथ शुरू होता है कि सभी कब्जे वाले लोगों को अपने कब्जे का विरोध करने का अधिकार है, यहां तक कि सैन्य रूप से भी। उन्होंने कहा, %मैं फलस्तीन में सैन्य विकल्प का समर्थन नहीं करता। मैं दूसरा विकल्प पसंद करता हूं वह है सविनय विद्रोह और अवज्ञा। इसने भारत में ब्रिटिश साम्राज्य और पूर्वी यूरोप में सोवियत साम्राज्य को गिरा दिया।÷

उन्होंने कहा कि इस्राइल की सैन्य श्रेष्ठता है और दुनिया गाजा में उसके द्वारा मचाई जा रही तबाही को देख सकती है। सात अक्टूबर के हमलों के लिए हमास पर निशाना साधते हुए फैसल ने कहा,मैं हमास की ओर से जैसा कि उस पर आरोप लगाया जा रहा है किसी भी उम्र या लिंग के नागरिकों को निशाना बनाए जाने की स्पष्ट रूप से निंदा करता हूं। इस तरह का निशाना हमास के इस्लामी पहचान के दावों को झुठलाता है।

निर्दोष बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की हत्या व पूजा स्थलों की बेअदबी की इस्लाम में है मनाही

उन्होंने कहा कि निर्दोष बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की हत्या और पूजा स्थलों की बेअदबी की इस्लाम में मनाही है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमानों के अनुसार, इस्राइल के शहरों पर हमास के आश्चर्यजनक हमलों और क्रूर जवाबी कार्रवाई ने अब तक 5,800 से अधिक लोगों की जान ले ली है।

सऊदी प्रिंस ने हमास की आलोचना करते हुए कहा कि उसने ÷इजरायली सरकार को हमलों के लिए एक उच्च नैतिक आधार उपहार में दिया है÷ उन्होंने कहा, ÷मैं हमास की निंदा करता हूं कि

उसने इस भयानक सरकार को गाजा को उसके नागरिकों से जातीय रूप से साफ करने का बहाना दिया और उन पर बमबारी की।÷

सऊदी प्रिंस ने फलस्तीन मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान तक पहुंचने के सऊदी अरब के प्रयास को विफल करने के लिए हमास की भी निंदा की। कई विशेषज्ञों ने कहा है कि गाजा में युद्ध के कारण रुके हुए इजरायल-सऊदी अरब संबंधों का सामान्यीकरण एक महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि थी, जिसके खिलाफ हमास ने अपने अभूतपूर्व हमले की योजना बनाई थी।

### दो गलतियां साथ मिलकर सही नहीं बनाती हैं: सऊदी प्रिंस

सऊदी प्रिंस ने गाजा और वेस्ट बैंक में निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने वाले जवाबी हमले के लिए इजरायल की आलोचना में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा दो गलतियां साथ मिलकर सही नहीं बनाती हैं।÷ इस्राइल में हमास के हमले का वर्णन करने के लिए अमेरिकी मीडिया द्वारा बिना उकसावे के हमले का उपयोग करने का जवाब देते हुए, फैसल ने कहा, इस्राइल ने तीन-चौथाई सदी तक फलस्तीनी लोगों के साथ जो किया है, उससे ज्यादा उकसावे की आवश्यकता क्या है?

फलस्तीन में इस्राइल की कथित ज्यादतियों और नागरिकों की हत्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा,यह खूनखराबा बंद होना चाहिए।उन्होंने तेल अवीव पर फलस्तीनियों की लक्षित हत्याओं और नागरिकों को जेल में डालने का आरोप लगाते हुए कहा, ÷मैं इजरायल द्वारा फिलिस्तीनी भूमि की चोरी की निंदा करता हूं।

सऊदी प्रिंस ने पश्चिमी राजनेताओं पर भी निशाना साधा कि जब फलस्तिनियों द्वारा इस्राइलियों की हत्या की जाती है तो वे ÷आंसू बहाते हैं÷, लेकिन जब दूसरी ओर से ऐसा किया जाता है तो वे ÷दुख व्यक्त करने से भी इनकार करते हैं। उन्होंने कहा, इस संघर्ष में कोई नायक नहीं है, केवल पीड़ित हैं।

फैसल ने 24 साल तक सऊदी खुफिया एजेंसी अल मुखाबरात अल अम्माह का नेतृत्व किया और लंदन तथा अमेरिका में देश के राजदूत के रूप में भी काम किया। हालांकि वह फिलहाल किसी भी सार्वजनिक पद पर नहीं हैं, लेकिन इस बात की उम्मीद नहीं है कि उनकी टिप्पणी को सऊदी नेतृत्व का समर्थन नहीं है। इस पृष्ठभूमि में, इन टिप्पणियों को चल रहे युद्ध पर रियाद की स्थिति की अभिव्यक्ति के रूप में देखा जा रहा है।

# शर्म,विनम्रता,कानून और न्याय को अपने हाथों से दफन कर दिया,शरीफ के लौटने पर विरोधी हुए हमलावर

**नई दिल्ली,22 अक्टूबर 2023 ।** नवाज शरीफ के स्वदेश लौटने के साथ ही उनके विरोधियों ने राजनीतिक वापसी के लिए असंवैधानिक तरीकों और सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल करने के लिए पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री की आलोचना की। तीन बार प्रधानमंत्री रहे और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सुप्रीमो शरीफ (73) लंदन में चार साल का स्व-निर्वासन समाप्त कर शनिवार को पाकिस्तान लौट आए। उनकी प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने यह कहते हुए निशाना साधा कि एक कायर भगोड़ा न्यायिक शरण में लौट रहा है।

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पीटीआई ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि सरकार ने लंदन से राष्ट्रीय अपराधी की वापसी की अनुमति देकर शर्म, विनम्रता, कानून और न्याय को अपने हाथों से दफन कर दिया है।

पीटीआई प्रवक्ता ने कहा,राष्ट्र अपने अपराधी का स्वागत करने के लिए तैयार है जिसे सरकार ने गोद लिया है।उन्होंने कहा कि लोग उन अपराधियों को जवाबदेह ठहराएंगे जिन्होंने पीढ़ी दर पीढ़ी देश को लूटा है। बयान में इस मांग को दोहराया गया है कि पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव तत्काल कराने से देश को संकट से बाहर निकाला जा सकता है। पाकिस्तान में चुनाव जनवरी 2024 में होने वाले हैं।

पीटीआई के महासचिव उमर अयूब खान ने कहा कि एक दोषी को हर चीज में अन्यायपूर्ण और गैरकानूनी तरीके से मदद दी जा रही है। उन्होंने कहा, एक दोषी कैदी को वीवीआईपी प्रोटोकॉल मिला और उसकी अगवानी के लिए इस्लामाबाद हवाई अड्डे पर स्टेट रूम खोला गय।

उन्होंने कहा कि पीएमएल-एन ने पाकिस्तान की कानूनी व्यवस्था को पूरी तरह नष्ट कर दिया है।

### बायोमेट्रिक्स देते हुए शरीफ की तस्वीरों पर भी पीटीआई नेता ने की टिप्पणी

हवाई अड्डे पर बायोमेट्रिक्स प्रदान करते हुए शरीफ की तस्वीरों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा, यह तस्वीर केवल नवाज शरीफ के बायोमेट्रिक्स की नहीं है, बल्कि पाकिस्तान की न्यायिक प्रणाली के अंतिम संस्कार की है। पूरी दुनिया ने उसी बायोमेट्रिक्स के लिए इमरान खान के साथ हुए जबरदस्ती को देखा है। पीटीआई के वरिष्ठ नेता मूनिस इलाही ने कहा कि शरीफ की वापसी का प्रबंध कर लिया गया है। उन्होंने कहा, ÷पाकिस्तान के इतिहास में कभी भी किसी दोषी भगोड़े का इस तरह से स्वागत नहीं किया गया।÷ उन्होंने कहा कि जाहिर तौर पर अदालत के कर्मचारी उनकी बायोमेट्रिक कराने के लिए हवाई अड्डे पर गए थे, जबकि इसके ठीक विपरीत, एक अन्य प्रधानमंत्री (इमरान खान) को अपना बायोमेट्रिक्स देने के लिए अदालत से उठाया गया था।

इलाही ने दावा किया कि पंजाब सरकार ने सभी उपायुक्तों को परिवहन प्रदान करने के साथ-साथ पटवारियों जैसे सरकारी कर्मचारियों की कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

पीपीपी नेता फैसल करीम कुंडी बोले- शरीफ को चुनाव में भी मदद मिली तो फैल जाएगी अराजकता

पीटीआई नेता और पूर्व मंत्री अली मुहम्मद खान ने कहा, हम नवाज शरीफ की वापसी का स्वागत करते हैं लेकिन बेहतर होता कि संवैधानिक तरीकों से वापस आते। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता फैसल करीम कुंडी ने चुनावों में शरीफ के लिए सरकारी मशीनरी के समर्थन की आशंका जताई और परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, ÷पंजाब सरकार ने लौटने पर उन्हें सुविधा दी और अगर शरीफ को चुनाव में भी मदद मिली तो अराजकता फैल जाएगी।

देश में विभाजनकारी राजनीति से बंटने के बीच पीटीआई के अली मुहम्मद खान ने राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को राजनीतिक तनाव खत्म करने और देश को ठीक करने के लिए इमरान खान और शरीफ के बीच बैठक कराने का सुझाव दिया। खान ने जियो न्यूज से कहा, राष्ट्रपति को नवाज और इमरान को बुलाना चाहिए और एक बैठक करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अल्वी अपनी पार्टी और अपने विरोधियों के कार्यकाल के दौरान शीर्ष पर रहने का एक अनूठा स्थान रखते हैं। बहरहाल, इस समय पाकिस्तान जिस ध्रुवीकरण से गुजर रहा है और उसके कटु अतीत को देखते हुए खान और शरीफ जैसे दुश्मनों का साथ आना दूर की बात हो सकती है। शरीफ ने शनिवार को लाहौर में अपने संबोधन में कहा था कि उनकी बदला लेने की कोई इच्छा नहीं है, लेकिन वह देश की कठिन आर्थिक परिस्थितियों को खत्म करना चाहते हैं और इसे विकास के रास्ते पर वापस लाना चाहते हैं।

# गैस सिलेंडर विस्फोट में दो भारतीय नागरिकों की दुखद मौत,उच्चायोग के अधिकारियों ने जताया गहरा शोक

**माले (मालदीव),22 अक्टूबर 2023।** मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने हा धाल मकुनुधू द्वीप पर दो भारतीयों की मौत पर दुख जताया है। उच्चायोग ने कहा, एक दुखद घटना में दो भारतीय नागरिकों की मौत के बाद उच्चायोग के अधिकारी पीड़ित परिवारों के संपर्क में हैं। रविवार को जारी बयान में उच्चायोग ने कहा, मालदीव के अधिकारियों के साथ-साथ भारतीय उच्चायोग पीड़ित परिवारों के साथ भी निकट संपर्क में है।

**मालदीव के अधिकारियों के साथ पीड़ितों के संपर्क में उच्चायोग**

दो भारतीय नागरिकों की मौत पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- एक्स पर मालदीव के भारतीय उच्चायोग ने कहा, ÷हम हा धाल मकुनुधू द्वीप पर हुई दुखद घटना से बहुत दुखी हैं, जिसमें दो भारतीय नागरिकों की जान चली गई है। उच्चायोग मालदीव के अधिकारियों के साथ-साथ पीड़ितों के परिवारों के साथ भी निकट संपर्क में है।

**गैस सिलेंडर विस्फोट में हुई मौत, पुलिस के बयान से पुष्टि**

हादसे के बारे में मालदीव के द एडिशन की रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से बताया गया कि हा धाल एटोल मकुनुधू में गैस सिलेंडर विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट में जान गंवाने वाले व्यक्तियों की पहचान उजागर नहीं की गई। हालांकि, पुलिस ने पुष्टि की कि घटना में दो विदेशी (भारतीय) नागरिकों की मौत हो गई।

# हमास की ओर से नष्ट किए गए घर में इस्राइली सैनिक ने गाया राष्ट्रगान

**नई दिल्ली,22 अक्टूबर 2023।** इस्राइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध के बीच एक इंटरनेट पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक इस्राइली सैनिक फलस्तीनी समूह की ओर से नष्ट किए गए एक घर के अंदर पियानो पर देश का राष्ट्रगान गाता हुआ दिखाई दे रहा है। इस्राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) द्वारा शनिवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इसकी क्लिप साझा की गई। सात अक्टूबर को हमास के आतंकवादियों द्वारा किए गए आतंक के बर्बर कृत्य से उबरने की कोशिश कर रहे सैनिक ने फलस्तीनी समूह द्वारा नष्ट किए गए एक घर में अपना राष्ट्रगान %हटिकवाह% गाया और पियानो बजाया।

आईडीएफ ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, ÷हमास आतंकवादियों द्वारा हमला किए गए समुदाय के एक नष्ट घर में एक सैनिक इस्राइल का राष्ट्र गान गाता है। हमास हमारी आत्मा को बर्बाद नहीं कर सकता।÷ शेयर किए जाने के बाद से, क्लिप को 243,000 से अधिक बार देखा जा चुका है और 8,500 से अधिक लाइक्स मिल चुके हैं।

बता दें कि गाजा पट्टी से हमास के इस्राइल में घुसने के बाद युद्ध भड़क उठा था, जिसमें 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया था और कम से कम 1,400 लोग मारे गए थे। तब से, इस्राइल ने गाजा पर पूर्ण घेराबंदी की घोषणा की है और पानी, बिजली, ईंधन और भोजन की आपूर्ति बंद दी है। देश ने एक बमबारी अभियान भी शुरू किया है जिसके तहत गाजा में पूरे शहर के ब्लॉक को समतल कर दिया गया है, इसमें अब तक 4,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।

इस्राइल ने हमास के खिलाफ अपने युद्ध में तीन चरण भी निर्धारित किए हैं, जिसके अंत में वे गाजा पट्टी में एक ÷नया सुरक्षा शासन÷ स्थापित करने की योजना बनाया गया है। रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने कहा कि फलस्तीनी क्षेत्र में लगातार हमलों के शुरुआती और मौजूदा चरण के बाद आतंकवादियों को बेअसर किया जाएगा और हमास के बुनियादी ढांचे को नष्ट किया जाएगा।

# लंदन में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन में जिहाद के नारों की निंदा,अब तक 10 लोग गिरफ्तार

**लंदन, 22 अक्टूबर 2023।** ब्रिटेन सरकार के एक मंत्री ने रविवार को लंदन की सड़कों पर फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों के दौरान जिहाद के नारे लगाने की निंदा की। इस मामले में दस लोगों की गिरफ्तारी भी की गई है।

आव्रजन मंत्री रॉबर्ट जेनरिक ने कहा कि यह मुद्दा मेट्रोपोलिटन पुलिस और क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) देख रही है। उन्होंने पुष्टि की है कि आतंकवादी कानून के तहत कुछ गिरफ्तारियां की गई हैं।

फलस्तीनी लोगों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए शनिवार को लंदन, बर्मिंघम, कार्डिफ, बेलफास्ट और अन्य शहरों में प्रदर्शन हुए। उसके बाद यह घटना हुई। जेनरिक ने कहा, %लंदन की सड़कों पर जिहाद का नारा लगाना पूरी तरह से निंदनीय है और मैं इस तरह के नजारे कभी नहीं देखना चाहता।%

उन्होंने कहा, इससे आतंकवादी हिंसा भड़क सकती है और कानून को इससे पूरी तरह से निपटने की जरूरत है। उन्होंने कहा, पुलिस और

सीपीएस इस मामले को देख रही है, क्योंकि आतंकवादी कानून के तहत यह गिरफ्तारियां हुई हैं। हम ब्रिटिश यहूदियों की रक्षा के लिए वह सब कुछ करना चाहते हैं, जो हम कर सकते हैं।

मंत्री ने आगे कहा कि इस देश में इस बात पर आम सहमति होनी चाहिए कि जिहाद जैसी बातें करना पूरी तरह निंदनीय है और गलत है। हम अपने देश में ऐसा कभी नहीं देखना चाहते।

मेट्रोपोलिटन पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि प्रदर्शनों के दौरान नफरत फैलाने वाले भाषणों से कुछ अव्यवस्था हुई और पांच अधिकारियों को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने कहा कि अधिकारियों ने हिज्ब उत-तहरीर प्रदर्शन के एक वीडियो की भी जांच की है, जिसमें एक व्यक्ति को %जिहाद, जिहाद% के नारे लगाते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने कहा, %इस शब्द के कई अर्थ हैं। लेकिन हम जानते हैं कि जनता इसे आतंकवाद से जोड़कर देखेगी।

# चेक राशि बांटे जाने एवं राशि आहरण के संबंध में आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत निराधार

» लुण्ड्रा विधानसभा रिटर्निंग ऑफिसर ने कराई जांच

» आचार संहिता से पूर्व जारी हुए चेक,नहीं किया गया राशि आहरण

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,22 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

लुण्ड्रा विधानसभा अंतर्गत आदर्श आचार संहिता के दौरान शासकीय मद की राशि के दुरुपयोग की शिकायत संज्ञान में आने पर रिटर्निंग ऑफिसर लुण्ड्रा द्वारा तत्काल एसडीएम धौरपुर (लुण्ड्रा) को जांच के निर्देश दिए गए। शिकायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लुण्ड्रा द्वारा जनसंपर्क मद की राशि को 5 अक्टूबर 2023 का चेक में डेट डलवाकर आचार संहिता के दौरान बांटे जाने एवं आहरण कराकर प्रचार के माध्यम के रूप में दुरुपयोग की बात कही गई थी जिस पर विस्तृत जांच की गई। रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि एसडीएम द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन एवं जांच के साथ संलग्न दस्तावेज तथा ग्राम पंचायत सचिवों के बयान, चेक जारी पंजी के अवलोकन से स्पष्ट है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने से पूर्व 03




अक्टूबर 2023 को ही जनसंपर्क निधि की राशि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत के नाम से जारी की गयी है, जो 04 अक्टूबर 2023 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्राप्त हुआ और सीईओ जनपद पंचायत लुण्ड्रा द्वारा दिनांक 05 एवं 06 अक्टूबर 2023 को संबंधित जनसंपर्क की राशि प्रति पंचायत 10 हजार रूपये के अनुसार कुल 3 लाख 10 हजार राशि का चेक ग्राम पंचायत सचिवों को प्रदाय किया गया है। इस पर सचिवों के बयान एवं दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। साथ ही आचार संहिता के दौरान 19, 20 और 21 अक्टूबर को ही खाते के कलेक्शन में लगवाए जाने और आहरण की बात को भी निराधार पाया गया है।

ग्राम पंचायत सचिवों के बयान अनुसार ग्राम पंचायत कोरिमा, कुदर, पड़ोली, चितरपुर, गगौली, महोरा, दुन्दु, लुण्ड्रा, धौरपुर, रघुनाथपुर, जोरी द्वारा उक्त चेक आहरण हेतु नहीं लगाए गए हैं। ग्राम पंचायत लालमाटी, ऊचडीह, सुमेरपुर, जरहाडीह, लमगांव, कोट, बिल्हमा द्वारा दिनांक 09 अक्टूबर 2023 को और ग्राम पंचायत ससौली, डकई, कुन्दी कला, कर्रा, लुण्ड्रा द्वारा 10 अक्टूबर 2023 को बैंक में चेक जमा किया गया है। इसमें राशि आहरण नहीं किया गया है। ग्राम पंचायत जमीरा द्वारा 12 अक्टूबर, नागम द्वारा 13 अक्टूबर, करौली, उदारी द्वारा 16 अक्टूबर और डुमरडीह द्वारा 18 अक्टूबर 2023 को बैंक कलेक्शन हेतु बैंक में जमा किया गया है जिसकी राशि का आहरण नहीं किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि विस्तृत जांच के आधार पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की इस शिकायत को निराधार पाया गया है।

# क्या जिस दल ने विधायक बनाया उसी से बगावत करके दूसरी बार विधायक बनने के लालसा लिए दूसरे पार्टी का दामन थामा डॉ.विनय जायसवाल ने ?

### विधायक लगातार बैठके कर समर्थक संख्या जुटा रहे हैं...

विधायक लगातार बैठके कर रहे हैं उनके समर्थक संख्या जुटा रहे हैं सोसल मीडिया पर समर्थक माफी भी मांग रहे हैं अपनी पिछली गलतियों को लेकर जो उन्होंने की है और विधायक का साथ देने की वह अपील कर रहे हैं। यहां कुल मिलाकर यह देखा जा रहा है की विधायक को खुद का ही विकास मॉडल पसंद है वही विकास कर सकते हैं वह जतलाने की कोशिश कर रहे हैं अन्य के बस का काम भी विकास यह भी वह साबित करने की कोशिश कर रहे हैं वहीं पार्टी फिर भी नहीं मानी तो वह अन्य दल से चुनाव लडेंगे कुर्सी मोह नहीं छोड़ने वाले वह यह भी वह जतला रहे हैं। विधायक ने एक क्षेत्रीय दल से सबकुछ तय भी कर लिया है वह अब उसी दल से प्रत्याशी बनकर चुनाव लडेंगे और फिर कुर्सी तक जाने का प्रयास करेंगे जिसके लिए उन्हें जनता जनार्दन की जरूरत होगी इसलिए वह जनता जनार्दन के सामने हांथ पैर जोड़ रहे हैं उन्हे अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच विधायक मनेंद्रगढ़ यह भी साबित कर रहे हैं की कांग्रेस पार्टी से उनका नाता रिश्ता टिकट तक कुर्सी तक सीमित था पार्टी ने उन्हें कुर्सी तक जाने से रोकने का प्रयास किया इसलिए वह अब आगे उसके साथ नहीं हैं पिछला वह पार्टी का एहसान भूल चुके उन्हे स्व स्वार्थ के आगे पार्टी का हित मंजूर नहीं यही उनकी अंतिम नीति है।

### विधायक के इस निर्णय के बाद अब मनेंद्रगढ़ विधानसभा में चुनाव टक्कर का होने वाला है...

विधायक के इस निर्णय के बाद अब मनेंद्रगढ़ विधानसभा में चुनाव टक्कर का होने वाला है उनके अन्य दल से चुनाव लड़ने पर भाजपा कांग्रेस की टक्कर जबरदस्त होगी निर्णय कांग्रेस भाजपा से एक के पक्ष में ही आएगा वहीं वर्तमान विधायक चुनाव को रोचक बनाने का काम करेंगे। सूत्रों की माने तो वैसे विधायक को फटकार भी मिली है दल से जिसने उन्हें अर्श तक पहुंचाया है उससे और वह शायद ही दूसरे दल की तरफ जाकर चुनाव लड़ने की सोचें लेकिन वह दबाव बनाने में लगे हुए हैं और उनके समर्थक भी उन्हे उकसा रहे हैं क्योंकि उनकी करनी ही रही जो विधायक की टिकट पर बन आई और अब समर्थक हांथ पैर जोड़कर माफी मांग रहे हैं विधायक के लिए समर्थन मांग रहे हैं। वैसे राजनीति में जो सामने दिखता है परिणाम उसके विपरीत आता है कई बार ऐसा उदाहरण मनेंद्रगढ़ विधानसभा में भी देखने को मिल चुका है जब खुद को जनाधारी मानकर लड़ने वालों को अंतिम समय में जनता ने वोट काटने वाले का खिताब देकर विदा कर दिया जिनके सपने में भी अब उन्हे चुनाव लड़ने का सपना नहीं आता। अब देखना है विधायक चुनाव लड़ते हैं या पार्टी प्रत्याशी का प्रचार करते हैं क्योंकि उन्होंने कदम आगे बढ़ाया है उसे पीछे लेंगे तो उनकी साख यह मानकर चली जायेगी की एक डांट मात्र से वह सहम गए नेतृत्व जनता का क्या करेगे वहीं यदि वह लड़ गए उन्हे वोट काटने वाला ही जनता न बना दे जिसकी संभावना ज्यादा है।

### विधायक उसी दल को दिखा रहे आंख जिसने उन्हें अवसर दिया विधायक बनने का राज्यमंत्री का दर्जा भी दिया,कद बढ़ाया

मनेंद्रगढ़ विधायक उसी दल को आंख दिखा रहे हैं जिसने उन्हें पिछले चुनाव में मौका दिया उन्हे विधायक बनने टिकट दिया उन्हे राज्यमंत्री बनाया उनकी पत्नी को उनकी ईक्षा अनुसार महापौर बनाया,इतना कुछ एक साथ एक ही बार में देने वाले दल को विधायक का आंख दिखाना समझ से परे है। पार्टी इस चुनाव में नए को मौका दे रही है कई दावेदार और हैं जिनकी सहमति के बाद एक नाम पर सहमति बनाकर यह पार्टी निर्णय ले सकी है ऐसे में विधायक का आक्रोश टिकट नहीं मिलने पर समझ से परे भी है क्योंकि उनके साथ संगठन सहित कार्यकर्ताओं की सहमति भी कम है उनके खास समर्थकों के अलावा कोई उनके पक्ष में पार्टी से नहीं है।

### विधायक मनेंद्रगढ़ की बगावत से उठ रहा सवाल,क्या दल से किसी अन्य को मौका देना दल का गलत निर्णय,क्या अजीवन खुद को प्रत्याशी चाहते हैं विनय ?

मनेंद्रगढ़ विधायक टिकट कटने से दुखी हैं वह बगावत की मंशा बना रहे हैं ऐसे में यह सवाल उठता है की क्या वह विधायक की कुर्सी पर खुद को अजीवन मानकर चल रहे हैं पार्टी से भी वह अजीवन टिकट की मंशा के साथ जुड़े हैं।पार्टी किसी और सदस्य को टिकट देगी तो क्या विधायक उसका समर्थन नहीं करेंगे जबकि उनकी बारी में सभी ने उन्हे समर्थन दिया था। ऐसे कई सवाल उठ रहे हैं और विधायक सवालों से घिर चुके हैं, विधायक यह क्यों सोच रहें हैं की विकास वही कर सकते हैं अन्य के बस की बात विकास नहीं जबकि पार्टी जिसे प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतार रही है वह भी विकास के नाम पर ही जनता के बीच जायेगा और जीतकर विकास करेगा यह विधायक क्यों नहीं मान पा रहे हैं यह भी सवाल उठ रहा है।

### अपनी ही करनी का फल मिला विधायक मनेंद्रगढ़ को,टिकट कटना करनी का फल,पार्टी में यही है प्रमुख चर्चा

मनेंद्रगढ़ विधायक का टिकट क्यों कटा यह पार्टी के अंदर का विषय है लेकिन पार्टी में ही जारी एक चर्चा के अनुसार यह उनकी ही करनी का फल है।वरिष्ठ पार्टी सदस्य कार्यकर्ता की उपेक्षा लगातार उपेक्षा ही उनके टिकट के बीच रोड़ा बनकर खड़ी हो गई और एक स्वर में अन्य के नाम पर सभी पार्टी सदस्य सहमत हो गए और विधायक जी का टिकट कट गया यह बताया जा रहा है। वहीं उनके खास कुछ समर्थक भी उनके लिए टिकट मामले में काल बन गए उनके खास समर्थकों की भी करनी उन्हे ले डूबी यह भी चर्चा है।

**मनेंद्रगढ़ विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल ने टिकट नहीं मिलने पर की बगावत,पुनः विधायक बनने थामा दूसरे पार्टी का दामन।**

**गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से चुनाव लड़ने की है मनेंद्रगढ़ विधायक की तैयारी**

**सम्मान देने वाली पार्टी पद देने वाली पार्टी को देंगे दगा,प्रत्याशी बदले जाने पर लिया निर्णय**

**डॉक्टर विनय जायसवाल समर्थक भी सोशल मीडिया पर मांग रहे माफी,विनय जायसवाल को चुनाव में जिताने की कर रहे अपील**

-रवि सिंह-
एमसीबी,22 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

राजनीति भी बड़ी अजीब चीज है,राजनीति में सिद्धांत, आदर्श और अनुशासन का कोई मतलब नहीं होता यह आज राजनीति से जुड़े लोग साबित करते जा रहे हैं वहीं सत्ता के साथ निर्वाचित होकर जुड़े लोग अपने ही उस राजनीतिक दल को आंख भी दिखा रहे हैं जिसने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया निर्वाचित होने उन्हे अपने दल से मौका दिया और सत्ता का स्वाद चखाया, निर्वाचित होकर सत्ता का स्वाद चखने वाले जब एक कार्यकाल समाप्त होने उपरांत राजनीतिक दलों द्वारा उपयुक्त नहीं माने जाते वह दल से हिसाब से सही नजर नहीं आते या दल को लगता है की अन्य को भी मौका दिया जाए उसकी दल के प्रति आस्था और निष्ठा का प्रतिफल उसे दिया जाए एकबार मौका पाए वर्तमान में निर्वाचित यह बर्दास्त नहीं कर पाते और बगावत करने की ठान लेते हैं और वह उसी दल को आंख दिखाने लगते हैं जिसने उन्हें आंख मिलाने के काबिल बनाया था उन्हे फर्श से अर्श तक पहुंचाया था। ऐसा ही कुछ नवीन जिले की मनेंद्रगढ़ विधानसभा में देखने को मिल रहा है जहां वर्तमान विधायक जिन्हे कांग्रेस पार्टी ने पिछले चुनाव में मौका दिया था और वह जीतकर भी पार्टी के टिकट से निर्वाचित हुए थे उन्हे पार्टी ने राज्यमंत्री तक बनाया था पत्नी को उनकी महापौर भी बनाया था वह पार्टी से बगावत को तैयार हैं दुसरे दल की गोद में बैठकर वह चुनाव लड़ने को आतुर हैं। विधायक का यह निर्णय केवल इसलिए है क्योंकि वह वर्तमान में कुर्सी पर बैठे हुए हैं और उन्हे लगता है की उनके अलावा कुर्सी का हकदार और कोई नहीं है जबकि कांग्रेस पार्टी ने सभी समीक्षाएं करके यह पाया है की विधानसभा में उनकी जीत सुनिश्चित नहीं है लोग उनसे नाराज हैं खासकर पार्टी के ही कार्यकर्ता पदाधिकारी उनसे दुखी हैं, जिसके कारण पार्टी ने अन्य पार्टी सदस्य को मौका देने का मन बनाया है,पार्टी का निर्णय सामने आते ही विधायक जी काफी परेशान हैं वह अब क्षेत्र की जनता के बीच जाकर खुद का विकास बता रहे हैं उजाले में ही टॉर्च जलवा रहे हैं और पार्टी को आंख दिखा रहे हैं वहीं पार्टी ने तय कर दिया है की अब नया चेहरा मैदान में होगा जो पार्टी ने अधिकृत कर दिया है जिसे संगठन का भी साथ मिल चुका है। विधायक फिर भी अंतिम प्रयास कर रहे हैं पार्टी को क्षेत्र की जनता के नाम से झुकाने का प्रयास कर रहे हैं इसके लिए उन्हें उपयुक्त अवसर भी मिला हुआ है नवरात्रि पर्व का जहां पूजा पंडालों में गरबा मंडलियों में पर्याप्त लोग एक साथ इकट्ठे मिल जा रहे हैं जिन्हे वह खुद के लिए समर्थित बता रहे हैं जो पहुंचे धार्मिक कारणों से हैं लेकिन राजनीति का शिकार हो जा रहे हैं।

### कांग्रेस मनेंद्रगढ़ में फिर से यदि टिकट को लेकर करती है विचार बदलती है प्रत्याशी, वर्तमान प्रत्याशी फिर हो जाएंगे एक बार पुनः राजनीति का शिकार

मनेंद्रगढ़ में यदि कांग्रेस टिकट को लेकर पुनः विचार करती है वर्तमान विधायक का दबाव महसूस करती है वहीं वर्तमान घोषित प्रत्याशी का टिकट काटती है तो वर्तमान प्रत्याशी जिन्हे बनाया गया है ऐसा उनके साथ दोबारा होगा जब उनका टिकट तय करने के बाद काट दिया जायेगा। एक बार रमेश सिंह को पहले भी टिकट पार्टी ने दी थी और लगभग उन्हे प्रत्याशी बना दिया गया था लेकिन उस समय राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से कांग्रेस का गठबंधन कांग्रेस पार्टी के टिकट घोषणा के बाद हो गया था और मनेंद्रगढ़ विधानसभा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के खाते में चली गई थी और अंत में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने अपना प्रत्याशी रामानुज अग्रवाल को घोषित किया था और रमेश सिंह ठगे गए थे तब वह निर्दलीय मैदान में उतर गए थे जिसमे वह असफल भी साबित हुए थे,यदि इस बार भी ऐसा हुआ रमेश सिंह के लिए दुर्भाग्य से कम नही होगा यह मामला क्योंकि दो दो बार उन्हे प्रत्याशी बनाने के बाद अंत में बैठा दिया जायेगा इसे बड़ी बेइज्जती से कम भी नहीं माना जायेगा

### मनेंद्रगढ़ विधायक अन्य दल से भी लड़ सकते हैं चुनाव,कर रहे तैयारी

मनेंद्रगढ़ विधायक अन्य दल से भी चुनाव लड़ सकते हैं उन्होंने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से संपर्क बना लिया है ऐसी भी संभावना है। अन्य दल से उनके चुनाव लड़ने की बात अभी हवा हवाई भी है और कुछ लोग इसकी पुष्टि भी कर रहे हैं,वैसे गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से उनका सीधा संपर्क बना हुआ है बताया जा रहा है।

### पार्टी ने निर्णय बदला प्रत्याशी बदला पार्टी को झेलनी पड़ेगी और भी बगावत,वरिष्ठ सभी कांग्रेसी होंगे नाराज,मनेंद्रगढ़ में भी पार्टी का बिगड़ेगा समीकरण

कांग्रेस के लिए एक तरफ वर्तमान विधायक का लगातार बगवाती रुख सरदर्द बना हुआ है वहीं यदि वह दबाव में आती है टिकट बदलती है वर्तमान को ही मौका फिर से देती है तो वरिष्ठ कांग्रेसी सहित मनेंद्रगढ़ शहर का बगावत पार्टी को झेलना पड़ेगा जो एकतरफा हमेशा कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने वाला शहर रहा है। वरिष्ठ भी वर्तमान विधायक से नाखुश हैं और ऐसे में यदि टिकट बदली गई सभी मौन हो जायेंगे और पार्टी के लिए सीट निकालनी मुस्कील हो जायेगी।

### टिकट कटने के बाद भी वर्तमान विधायक को मिल रहा अपार जनसमर्थन

विधायक के पीआरओ द्वारा जारी खबर के मुताविक विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर भाजपा कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने जहां श्यामबिहारी जायसवाल को अपने अधिकृत प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतारा है तो वहीं कांग्रेस ने वर्तमान विधायक डॉ. विनय जायसवाल का टिकट काटकर नये चेहरे के रूप में अधिवक्ता रमेश सिंह पर भरोसा जताया है। मनेन्द्रगढ़ विधानसभा से टिकट कटने के बाद वर्तमान विधायक विनय जायसवाल के समर्थकों में काफी मायूसी देखने को मिल रही है। चिरमिरी में आयोजित गरबा कार्यक्रम में भी जब डॉ विनय जायसवाल ने अपने समर्थन की बात की तो हजारों लोगों ने मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाकर सांकेतिक समर्थन दिया। नवरात्रि की सप्तमी तिथि दिन शनिवार को भी मनेन्द्रगढ़ आगमन पर विनय जायसवाल का उनके समर्थकों और मित्रों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और ÷विनय भैया ज़िंदाबाद÷। ÷विनय भैया संघर्ष करो हम आपके साथ हैं÷ के नारे लगाये। आपको बता दें की पूर्व विधायक डॉ विनय जायसवाल नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न पूजा पंडालों में दर्शन करने मनेन्द्रगढ़ पहुंचे हुए थे। जैसे ही इस बात की जानकारी उनके समर्थकों को लगी तो सैकड़ों की संख्या में लोग सरोवर मार्ग स्थित दुर्गा पंडाल पहुंच गये और उनके समर्थन में जिन्दाबाद के नारे लगाने लगे। डॉ जायसवाल और उनके समर्थकों का काफिला स्टेशन रोड होते हुए मनेन्द्रगढ़ मुख्य बाजार पहुंचा। यहां भी उनका जोरदार स्वागत किया गया। आम लोगों और व्यापारियों द्वारा मिल रहे अपार जनसमर्थन से पूर्व विधायक भावुक भी हो गये। कार्यकर्ताओं और समर्थकों को समझाते हुए पूर्व विधायक विनय जायसवाल ने कहा की कांग्रेस पार्टी ने जो भी निर्णय लिया है काफी सोच समझकर लिया है। हम सभी को उनके फैसले का सम्मान करना चाहिये।

### खास विधायक समर्थक अब सोशल मीडिया में कर रहे निवेदन,विधायक के लिए मांग रहे समर्थन,अपना माफीनामा भी हांथ पैर जोड़कर सोशल मीडिया पर कर रहे पोस्ट

मनेंद्रगढ़ विधायक के खास समर्थक अब विधायक की टिकट कटने के बाद सोशल मिडिया पर सक्रिय हुए हैं और उनकी पोस्ट से जाहिर हो रहा है की वह किस कदर किस स्तर तक जाकर विधायक के साथ हैं। उनके एक समर्थक ने तो यह तक लिख दिया की यदि उसने कोई गलती की है तो वह पैर छूकर माफी मांगने तैयार है लेकिन किसी तरह जनता विधायक को चुनाव जितवा दे। समर्थक विधायक के अन्य दल से या निर्दलीय चुनाव लड़ने की संभावनाओं के साथ ऐसा लिख रहा है।वैसे यह वही समर्थक हैं जिन्होंने विधायक जी के कार्यकाल में उनकी कम छवि खराब नहीं की है,यही वह समर्थक हैं जिन्होंने महिलाओं को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी और बाद में माफी की नौबत आई थी एक महिला अधिकारी को देर रात फोन करने के कारण महिला अधिकारी के पति से इसी समर्थक को फटकार मिली थी कुल मिलाकर यह समर्थक विधायक जी के टिकट कटने में कारण बना यह वह खुद स्वीकार कर रहा है और सार्वजनिक माफी मांगकर अब विधायक जी के लिए समर्थन जुटा रहा है। ऐसे अधिकांश समर्थक हैं विधायक के जो अपनी पुरानी गलतियों की माफी मांगना चाहते हैं और विधायक को पुनः विधायक बनाने वह कहीं भी पैर पूजने तैयार हैं।

### पांच वर्ष अच्छा किया काम तो क्यों कटा टिकट यह भी सोचने वाली बात,विधायक के लिए चिंतन का विषय

वैसे विधायक खुद को विकास पुरुष बता रहे हैं और क्षेत्र की जनता को भी समझा रहे हैं की उनके बिना विकास संभव नहीं है। वहीं टिकट ऐसे ही उनका नहीं कटा समीक्षा उपरांत उनका टिकट कटा और जिसमे उनका रिपोर्ट कार्ड भी पार्टी ने बनवाया जो कमजोर था,अब विधायक के लिए यह भी चिंतन का विषय की यदि वह विकास के पर्याय हैं तो उनका टिकट कटा ही क्यों,वह पार्टी के ही लोगों को संगठित नहीं कर सके और उन्हे ही विकास नहीं बता सके जो उनकी सबसे बड़ी असफलता रही,उन्हे खुद विचार करना चाहिए की उनका विकास पांच सालों में उनके ही दल के लोगों तक क्यों नहीं पहुंच सका जो उनका टिकट काटना पड़ा। वैसे विधायक को अपने पांच साल के विकास को लेकर सोचने की जरूरत जरूर है जो उनके लिए टिकट में ही बाधक बन गया।

### कांग्रेस पार्टी पर बना रहे दबाव,पार्टी टिकट बदलने का ले फैसला इसलिए कर रहे लगातार बैठक,कांग्रेस मातृ पार्टी यह भी विधायक दे रहे बयान

विधायक लगातार कांग्रेस पार्टी पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं,वह लगातार जन संपर्क कर जन समर्थन भी जाहिर कर रहे हैं वहीं वह पार्टी पर हर संभव दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं,सोशल मिडिया पर वह जिस दिन से टिकट अन्य को मिला है अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं। वह अन्य दल से चुनाव लड़ सकते हैं वह संपर्क में हैं अन्य दल के वह यह भी संदेश पार्टी को दे रहे हैं और पार्टी को आंख दिखा रहे हैं,कांग्रेस मातृ पार्टी है यह भी वह कहकर अभी खुद को पार्टी से अलग नहीं बता रहे हैं। विधायक पार्टी पर हर संभव दबाव कायम करना चाहते हैं। पार्टी निर्णय बदल सकती है यह संभावना उनके जेहन में है इसलिए वह खुद को जनाधार वाला साबित कर रहे हैं।

### विधायक क्या गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को भी दे सकते हैं धोखा,कांग्रेस पार्टी से टिकट मिलने की स्थिति में वह कांग्रेस से ही लड़ेंगे चुनाव यही बन रही संभावना

विधायक मनेंद्रगढ़ का टिकट भले ही पार्टी के आंतरिक सर्वे अनुसार काट दिया गया है लेकिन वह राजनीति के माहिर खिलाड़ी बनकर अभी भी पार्टी को परेशान कर रखे हैं वहीं वह जैसा की बताया जा रहा है एक अन्य दल को भी अभी खुद के बहकावे में लेकर चल रहे हैं जो गोंडवाना गणतंत्र पार्टी है जिसे भी उनके निर्णय का इंतजार है। अभी विधायक गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नाम पर कांग्रेस पार्टी पर दबाव मात्र बना रहे हैं और दबाव सफल रहा और टिकट पार्टी बदलकर यदि उन्हे देती है तो वह खुद पार्टी से ही चुनाव लडेंगे कांग्रेस पार्टी से यह भी तय बताया जा रहा है उनका एक बयान भी कांग्रेस को मातृ पार्टी बताते हुए आया जो साबित करता है की वह अभी कांग्रेस से खेल खेल रहे हैं और वह यदि सफल हुए कांग्रेस से ही चुनाव लडेंगे,वहीं यदि कांग्रेस फिर भी नहीं दबाव में आती है उनकी तैयारी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से चुनाव लड़ने की है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी जैसी सिद्धांतो पर चलने वाली पार्टी को भी विधायक मनेंद्रगढ़ भुलावे में बहकावे में लेकर चल रहे हैं यही उनकी राजनीतिक कुशलता है। वह कांग्रेस पार्टी से टिकट मिलने पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को निश्चित धोखा देंगे यह भी तय माना जा रहा है फिर भी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी उनके भुलावे बहकावे में है उनके इंतजार में है बताया जा रहा है।

# जिले में आचार संहिता लागू

# नियम विरुद्ध संचालित हो रहा मीना बाजार मेला

## पुलिस प्रशासन ने दे रखी है खुली छूट

## मेला संचालक उड़ा रहा नियमों की धज्जियां

-अरविन्द द्विवेदी-
अनूपपुर,22 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।
बिजुरी नगर में नवरात्र पर्व पर नगर के गुलाब स्कूल ग्राउंड तथा सब्जी मंडी ग्राउंड में मीना बाजार तथा मेला का संचालन किया जा रहा है। जहां दुकानों के साथ ही कई तरह के झूले भी लगाए गए हैं। जिसके लिए मेला संचालक के द्वारा बिजुरी नगर पालिका कार्यालय तथा एसडीएम कार्यालय कोतमा से अनुमति भी प्राप्त की गई है। जिसमें अनुमति आदेश में मेले का संचालन रात्रि 10:00 बजे तक ही किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके बावजूद मेला संचालक के द्वारा थाना प्रभारी तथा स्थानीय प्रशासन एवं नगर पालिका से साठ गांठ करते हुए रात्रि 1 से 2 बजे तक मेले का संचालन किया जा रहा है।

### इनका कहना है

जानकारी मिली है, मैं स्वयं मौके पर जाऊंगा और जो समय निर्धारित है.... उस समय सीमा तक ही मेला संचालित होगा....

अजीत तिर्की
एसडीएम कोतमा

### थाना प्रभारी ने दी मेला संचालक को खुली छूट

बिजुरी नगर में जो मीना बाजार मेला का आयोजन हो रहा हैं उसकी समय सीमा को निर्धारित किया गया है मगर मेला संचालक सारे नियम कानून की धज्जियां उड़ा रहा है। पुलिस प्रशासन को नगर की कानून व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी रहती है मगर टीआई की लापरवाही से आधी रात तक मेला का संचालन ध्वनि विस्तारक यंत्रो के साथ हो रहा है। पुलिस को यह जानकारी है कि रात 10 बजे तक ही मेला का संचालन होना है उसके बाबजूद मेला संचालक से मिलीभगत करके देर रात तक मेला संचालित करने की खुली छूट देकर जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद में हैं। वहीं मेला में कोई अप्रिय घटना हो सकती हैं उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?

### देर रात शोरगुल से लोग हो रहे परेशान

मेला ग्राउंड के समीप स्थानीय रहवासियों के द्वारा बताया गया कि यहाँ पर बहुत देर रात तक मेले का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही तेज आवाज में लगातार साउंड सिस्टम भी चलाया जाता है। साउंड सिस्टम के अत्यधिक शोरगुल से स्थानीय रहवासियों का रात के समय सोना भी मुश्किल हो गया है। वहीं दूसरी तरफ वर्तमान में बच्चों की अर्धवार्षिक परीक्षाएं भी चल रही हैं ऐसे में उन्हें पढ़ने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### नियम विरुद्ध अनुमति को निरस्त करने की मांग

विधानसभा निर्वाचन को देखते हुए जहां रात्रि 10 बजे से ही शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए आम दुकानों को बंद कर दिया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर नियम विरुद्ध तरीके से आदेश का उल्लंघन करते हुए मेला का संचालन मनमानी तरीके से रात 1 से 2 बजे तक किया जा रहा है। स्थानीय रह वासियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा एसडीएम कोतमा एवं कलेक्टर अनूपपुर से मेला संचालक द्वारा मनमानी करते हुए निर्धारित समय सीमा से ज्यादा समय तक मेला का संचालन किए जाने पर मेला संचालन की अनुमति निरस्त किए जाने की मांग की है।

## आबकारी विभाग सूरजपुर की अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही

-संवाददाता-
सूरजपुर,22 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।
आबकारी टीम सूरजपुर द्वारा ग्राम नमदगिरी में अटल चौक के पास कुल 13 लीटर व भट्ठी महुआ शराब जप्त किया गया। इसके साथ ही आरोपी को धारा 34(1)क,34(2)के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल दाखिल भी किया गया है।

# सीएपीएफ और राज्य पुलिस बलों के वीर पुलिसकर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि

-संवाददाता-
कोरबा 22 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।
सीआईएसएफ इकाई के एसटीपीपी कोरबा में मुख्य अतिथि निदेशक मानव संसाधन श्री दिलीप कुमार पटेल, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक श्री सी. शिवकुमार, यूनिट कमांडर सीआईएसएफ और एचओपी एनटीपीसी कोरबा के साथ यूनिट लाइन परिसर दर्री में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन कमांडेंट कार्यालय के सामने नवनिर्मित शहीद स्मारक में किया गया। इस कार्यक्रम में सभी सीएपीएफ और राज्य पुलिस बलों के वीर पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई जिन्होंने कर्तव्य के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सटीकता और

अनुशासन के साथ सीआईएसएफ कर्मियों के एक औपचारिक स्मृति परेड़ के साथ हुई। सभी बल कर्मी और गणमान्य व्यक्ति शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी , जो देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले साहसी पुलिस कर्मियों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक है। मानव संसाधन निदेशक श्री दिलीप कुमार पटेल और क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक श्री सी. शिवकुमार सहित गणमान्य व्यक्तियों ने सीआईएसएफ की अटूट प्रतिबद्धता और समर्पण को स्वीकार करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने देश की संपत्ति और सुरक्षा की सुरक्षा में सीआईएसएफ द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सीआईएसएफ के समर्पण और समारोह के अनुकरणीय आयोजन के लिए गहरी सराहना व्यक्त की। उन्होंने एनटीपीसी द्वारा सीआईएसएफ को महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका में सक्षम बनाने के लिए दिए गए समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने कहा के सीआईएसएफ कर्मियों ने अपने यूनिट कमांडर श्री अभिषेक चैधरी, कमांडेंट सीआईएसएफ के कुशल नेतृत्व में हमारी महत्वपूर्ण संपत्तियों की सुरक्षा में अपने कर्तव्यों को जारी रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण दिखाया है । श्री पटेल ने कहा कि वे सभी सीआईएसएफ कर्मियों और उनके परिवारों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं एवं हम उनके साथ एकजुटता से खड़े हैं और कोई भी आवश्यक समर्थन और सहायता प्रदान करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

## निर्वाचन सामग्री प्रबंधन पर दल का दिया गया प्रशिक्षण

-संवाददाता-
सूरजपुर,22 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।
विधानसभा निर्वाचन 2023 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जय अग्रवाल के निर्देशानुसार निर्वाचन सामग्री तैयार करने वाले विभिन्न दलों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जहां जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा नोडल अधिकारी श्रीमती शिवानी जायसवाल की उपस्थिति में प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया कि निर्वाचन में जुड़े अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं निर्वाचन कार्य के लिए निर्वाचन सामग्री तैयार की जाती है। जिसमें प्रमुख है मतदान दलों हेतु मतदान सामग्री का तैयार करना, नामांकन प्रक्रिया हेतु निर्वाचन सामग्री तैयार करना,ई.व्ही.एम एण्ड व्ही.व्ही.पेट के कमीशनिंग हेतु निर्वाचन सामग्री प्रदाय करना, सेक्टर ऑफिसर हेतु निर्वाचन सामग्री, ऑब्जर्वर और माइक्रो ऑब्जर्वर हेतु रिपोर्ट की तैयार, मतगणना हेतु निर्वाचन सामग्री तैयार किया जाना होता है।

# त्रिपुर यात्रा समिति के संचालक एवं उसकी पत्नी पर लगा गंभीर आरोप

-संवाददाता-
कोरबा,22 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।
सिद्धी दात्री यात्रा सेवा समिति कोरबा के संचालक प्रमोद साहू ने तिलक भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि सिद्धी दात्री यात्रा सेवा समिति कोरबा (छ.ग.), (मुख्य शाखा माँ सिद्धीदात्री माता मंदिर सरवानी बह्मिनडीह जिला जॉजगीर-चांपा (छ.ग.) 1 पंजीयन क्रमांक 122202135525 / 21 का दिनांक 10/05/2021 से संचालन कर रहा हूँ। मेरे द्वारा उक्त यात्रा समिति प्रारंभ करने से त्रिपुर यात्रा समिति कार्यालय एस.एस. प्लाजा दुकान क्रमांक 301, 302 पावर हाउस रोड कोरबा (छ. ग.) वर्तमान पता ङ्क मकान क्रमांक डी सेक्टर 4 कमल विहार रायपुर (छ.ग.) के संचालक मुझसे काफी नाराज हो गया और मुझे स्वयं रास्ते में रोककर माँ बहन की गंदी-गंदी गाली देते हुए मेरी यात्रा समिति बंद करने के लिए दबाव डालने लगा। दिनांक 21/02/ 2022 को जब मैं अपने कोरबा स्थित घर पर था उसके द्वारा मुझे मेरे मोबाइल पर फोन कर माँ बहन की धमकी दी गए उसके फोन को पहले मेरी बहन ने उठाया तो वो फोन पर ही मेरी बहन से बदतमीजी कर गाली - गलौज करने लगा। चर्चा के दौरान प्रमोद साहू ने यह भी आरोप लगाया कि आज से लगभग 6 माह पहले उसने अपने एम.आई.जी.-34, न्यू नेहरू नगर कोरबा (छ.ग.) में मुझे धोखे से बुलवाकर बंधक बनाकर मेरे साथ गाली गुफ्तार व मार-पीट किया, और पुलिस में

रिपोर्ट करने पर उसने मुझे जान से मारने की धमकी दी, जिसके संबंध में मेरे द्वारा दिनांक 23/02/2022 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक को शिकायत की गई थी जिस पर थाना कोतवाली के द्वारा दिनांक 24/03/2022 को धारा 155 द.प्र.सं. की कार्यवाही कर फैना काटकर दिया गया जिसके संबंध में मेरे द्वारा न्यायालय श्रीमान न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोरबा के समक्ष परिवाद प्रकरण प्रस्तुत किया गया है। उसके बावजूद भी दिनांक 21/09/2023 को जब मेरे बहनोई राहुल कुमार साहु, पिता- संत राम साहू सचिव सिद्धी दात्री यात्रा सेवा समिति नेपाल यात्रा के लिये अपनी सिद्धी दात्रि यात्रा सेवा समिति के 45 यात्रियों एवं सात कर्मचारियों को लेकर जा रहा था तब अशोक कुमार यादव उर्फ राहुल यादव के द्वारा उसलापुर रेल्वे स्टेशन में मेरे एवं मेरी कर्मचारीयों के उपर 8-10 लड़कों से हमला करवा दिया गया जिसमें उसके एक कर्मचारी शिव जायसवाल निवासी खैरा तुर्री धाम जिला- शक्ति (छ.ग.) को आर.पी.एफ. पुलिस के द्वारा पकड़ लिया गया । उक्त हमले की प्रथम सूचना रिपोर्ट प्रमोद साहु के द्वारा दिनांक 24/09/2023 को जी. आर.पी.एफ. थाना बिलासपुर में दर्ज करवाई गई। उक्त लड़कों ने राहुल कुमार साहु का मोबाइल फोन, 50,000/- रूपये सोने की चैन को छीन लिया जिसे शिव जायसवाल के द्वारा स्वयं स्वीकार किया है कि उसके द्वारा अशोक कुमार यादव उर्फ राहुल यादव के कहने पर ही उक्त घटना को अंजाम दिया गया,जिसकी रिकॉर्डिंग हमारे पास मोबाइल में, पेन ड्राइव में व डी.वी.डी. में है। आरोप यह भी है कि अशोक कुमार यादव उर्फ राहुल यादव एवं उसकी पत्नी रोना राय यादव के द्वारा दिनांक 03/10/2023 को अपने मोबाईल 7354411411 से राहुल कुमार साहु के मोबाईल क्रमांक 9179828334 में संध्या समय 4.27 मिनट, 4.29 मिनट एवं 4.33 मिनट मे फोन करके उससे एवं मेरी बहन सुमन साहू से गाली गलौज करके मुझको बेईमान है ,चोर है और छल करने वाला डाटा चोरी करके यात्रा कराने वाला कहा साथ ही मुझको जेल भेजने की धमकी भी दिया गया । मेरे उपर एफ. आई.आर. करने की धमकी दिया। उसने धमकी दिया की वो हमें यात्रा नहीं करने देगा और ना जीने देगा । और कहा के मेरे को मिल जा कोरबा में ही मेरे लड़के जा रहे हैं। वो तेरे को देख लेंगे। उसके बाद उसकी पत्नी रीना राय यादव के द्वारा फोन करके घमकी दी गई थी । अशोक कुमार यादव उर्फ राहुल यादव एवं उसकी पत्नी द्वारा फोन पर धमकी की रिकॉर्डिंग मेरे पास मोबाइल में, पेन ड्राइव में व डी.वी.डी. मे है।

अशोक कुमार यादव उर्फ राहुल यादव के विरुद्ध अनेकों अधिकारीयों को पूर्व में शिकायत किया गया परंतु उसके विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं हुई। क्योंकि की हम लोग यात्रा पर रहते है इस दौरान यदि किसी भी जान मॉल का नुकसान होता है या फिर हमारे न रहने पर यदि हमारे परिवार वालों को किसी भी प्रकार का नुकसान होता है या यात्रा के दौरान हमारे यात्रियों को किसी भी प्रकार का नुकसान पहुंचता है तो के इसके जिम्मेदार अशोक कुमार यादव उर्फ राहुल यादव एवं उसकी पत्नी रीना राय यादव ही होंगे। इस पत्रकार वार्ता के दौरान राहुल कुमार साहू ,अधिवक्ता प्रशांत कुमार सहित बड़ी संख्या में पत्रकारों की उपस्थिति रही ।

## जमनीपाली क्षेत्र के श्रमिक बस्तियों में समस्याओं का अंबार-लखन देवांगन

-संवाददाता-
कोरबा 22 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।
भाजपा प्रत्याशी लखन देवांगन ने जमनीपाली क्षेत्र के इंदिरा नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी एवं कुमगरी में जनसंपर्क पदयात्रा के दौरान कहा के श्रमिक बस्तियों में विभिन्न समस्याओं का अंबार लगा हुआ है । एक तरफ जहां कांग्रेस सरकार सफाई के मामले में वाहवाही लूटने में पीछे नहीं रहती वहीं वास्तविकता में यह क्षेत्रों की सफाई संबंधित समस्याओं के साथ-साथ क्षेत्र की अन्य समस्याओं को भी देखने को मिल रहा है । जगह-जगह विभिन्न समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। एक तरफ रोड बनाने की बात कांग्रेस करती है वहीं हकीकत में यहां के जनता को सीसी रोड के लाले पड़ गए है । कहीं बिजली की समस्या तो कहीं स्ट्रीट लाइट की अव्यवस्था का आलम है। जनसंपर्क के दौरान लोगों ने विभिन्न समस्याओं से पूर्व महापौर भाजपा प्रत्याशी लखन देवांगन को अवगत कराया। इस दौरान श्री देवांगन ने कहा कि कांग्रेस केवल झूठे वादा करती है । चुनाव के समय लोक लुभावने प्रलोभन देती है और फिर जनता से किया हुआ वादा को भूल जाती है जिसके कारण अब कोरबा की जनता बदलाव चाहती है। आप सभी भाजपा को एक बार सेवा का अवसर प्रदान करें निश्चित तौर पर श्रमिक बस्ती ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र का तेजी के साथ विकास कार्य से आगे बढ़ाने का काम करेंगे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं स्थानीय निवासी जनसंपर्क में उपस्थित थे।

**न्यायालय नजूल अधिकारी सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र.202310262000001/
अ-6/2022-23

**ईश्तहार**

आगामी तिथि 07/11/2023

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता/संस्था/विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक कुमार शर्मा आ0 जगदीश प्रसाद शर्मा, उम्र 42 वर्ष, जाति ब्राम्हण, निवासी सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) व अन्य 01 के द्वारा नगर सूरजपुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 1913/15, रकबा 800 व.फी.का पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 22/06/2023 के माध्यम से क्रय किये जाने पर उक्त भूमि का आवेदकगण के नाम नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है, जिसक संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन लंबित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति दिनांक 07/11/2023 को न्यायालयीन अवधि दोपहर 03.00 बजे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
सूरजपुर

# भारत ने 20 साल बाद न्यूजीलैंड को वर्ल्ड कप में हराया

**लगातार 5वीं जीत के साथ टेबल टॉपर बना, कोहली ने बनाए 95 रन**

**धर्मशाला,22 अक्टूबर 2023।** भारत ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार 5वीं जीत हासिल की। टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में कीवियों पर 20 साल बाद जीत हासिल की है। इससे पहले, 2003 में सेंचुरियन के मैदान पर कीवियों को 7 विकेट से हराया था।

इस जीत से भारतीय टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर आ गई है। अब टीम इंडिया के खाते में 5 मैचों के बाद 10 अंक हो गए हैं। ऐसे में भारत के टॉप-4 में पहुंचने की संभावनाएं मजबूत हो गई हैं। टीम को अब 4 में से 2 ही मैच जीतने होंगे।

धर्मशाला के मैदान पर रविवार को भारत ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 50 ओवर में 273 रन पर ऑलआउट हो गई। 274 का टारगेट भारतीय टीम ने 48 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया। विराट कोहली ने 104 बॉल पर 95 रन की पारी खेली, जबकि मोहम्मद शमी ने 5 विकेट चटकाए।

### कोहली ने अय्यर-राहुल और जडेजा के साथ अहम साझेदारियां की

70 से 80 के टीम स्कोर के बीच में रोहित और गिल के विकेट गंवाने के बाद टीम इंडिया थोड़े दबाव में थी। ऐसे में विराट कोहली ने 3 अर्धशतकीय साझेदारियां कर भारत को मुकाबले में बनाए रखा। आगे 3 पॉइंट में 11 से 40 ओवर का हाल...

### 5 रन पर टीम इंडिया को लगे 2 झटके

पहले पावरप्ले में शानदार शुरुआत के बाद लॉकी फर्ग्यूसन ने भारतीय ओपनर्स को पवेलियन की राह दिखाई। 12वें ओवर में कप्तान रोहित शर्मा 46 रन बनाकर बोल्ड हुए। यह बॉल बल्ले का अंदरुनी किनारा लेकर स्टंप्स से जा लगी। उनके बाद 14वें ओवर में शुभमन गिल 26 रन के निजी स्कोर पर डेरिल मिचेल को कैच थमा बैठे।

### कोहली की अय्यर और राहुल के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप

रोहित-गिल के आउट होने के बाद कोहली ने संयम भरी पारी खेली। उन्होंने पहले अय्यर के साथ 49 बॉल पर 52 और राहुल के साथ 64 बॉल पर 54 रन की अहम साझेदारियां कीं। अय्यर ने 33 और राहुल ने मिडिल ऑर्डर पर 27 रन की उपयोगी पारियां खेलीं।

### सूर्या गैर जिम्मेदाराना तरीके से रनआउट, जडेजा की शानदार पारी

33वें ओवर में सूर्यकुमार यादव गैरजिम्मेदाराना तरीके से रन आउट हो गए, हालांकि यहां कीवी टीम ने बेहतरीन फील्डिंग की। ऐसे में जडेजा और कोहली ने अर्धशतकीय पार्टनरशिप करके टीम की नैया पार लगाई।

### कोहरे के कारण 20 मिनट तक रुका खेल

भारत और न्यूजीलैंड के बीच धर्मशाला में मुकाबला कोहरे के कारण करीब 20 मिनट तक रोका गया। शाम करीब 7:38 बजे कोहरा आ गया, खिलाड़ियों को देखने में दिक्कत होने लगी, जिसके बाद मैच रोका गया। हालांकि 20 मिनट बाद ही कोहरा हटा और मैच फिर शुरू हो गया।

क्रिकेट मैच रुकने का ये कोई पहला अजीब कारण नहीं है। 6 साल पहले दिल्ली में पॉल्यूशन ज्यादा होने के कारण भारत और श्रीलंका के बीच टेस्ट मैच रोकना पड़ा था। मुकाबला ड्रॉ रहा था।

### रोहित-गिल की शानदार शुरुआत, लगभग हर ओवर में बाउंड्री जमाई

274 रन का टारगेट चेज करने उतरी भारत की ओपनिंग जोड़ी ने सकारात्मक शुरुआत की। दोनों ने पहले पिच कंडीशंस को समझा, फिर शॉट खेलने शुरू किए।

कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी ने पावरप्ले के लगभग हर ओवर में बाउंडी जमाई। भारतीय पारी के पावरप्ले का 9वां ओवर ही बाउंड्री रहित रहा। पावरप्ले में भारतीय ओपनर्स ने अर्धशतकीय साझेदारी की और टीम ने 10 ओवर में बिना नुकसान के 63 रन बनाए।

इस दौरान गिल वनडे में सबसे तेज 2 हजार रन बनाने वाले बैटर बने हैं। उन्होंने 38 पारियों में अचीवमेंट हासिल की। गिल ने हाशिम अमला का रिकॉर्ड तोड़ा। अमला को 2 हजार रन पूरे करने में 40 पारियां लगी थीं।

# भारतीय महिला हॉकी टीम के पास घरेलू मैदान पर ओलंपिक टिकट हासिल करने का मौका

**रांची,22 अक्टूबर 2023।** भारतीय महिला हॉकी टीम हांग्झोउ एशियाई खेलों में तीसरे स्थान पर रहने के बाद 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए स्वतः क्वालीफाई करने में विफल रही, लेकिन उसे इस में जगह बनाने का एक और मौका रांची में अगले साल होने वाले क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने महिला ओलंपिक क्वालीफायर को चीन के चांगझोउ से रांची में स्थानांतरित कर दिया है। चीन की महिला टीम ने इस महीने की शुरुआत में हांगझोउ में एशियाई खेलों का स्वर्ण जीतकर सीधे पेरिस खेलों में जगह बनाई थी। पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट अगले साल 13 से 19 जनवरी तक झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भारत के अलावा सात देश हिस्सा लेंगे जिनमें से शीर्ष तीन अगले साल के ओलंपिक में अपनी जगह पक्की करेंगे। एफआईएच के अन्य ओलंपिक क्वालीफायर मस्कट, ओमान (पुरुष- 15-21 जनवरी, 2024) और वालेंसिया, स्पेन (महिला और पुरुष 13-21 जनवरी, 2024) में खेले जाएंगे।

भारत हांगझोउ एशियाई खेलों की महिला हॉकी सेमीफाइनल में मेजबान चीन से 0-4 से हार गया था। टीम को इसके बाद जापान को 2-1 से हराकर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। रांची में ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, ''यह हमारे खिलाड़ियों के लिए बहुत बड़ा आयोजन है और हम रोमांचित हैं कि यह हमारे घरेलू मैदान पर होगा।

भारतीय प्रशंसकों का समर्थनहमारे खिलाड़ियों को ऊर्जा देगा जो पेरिस 2024 ओलंपिक में अपना स्थान सुरक्षित करने का दृढ़ संकल्प है।'' भारतीय टीम की कप्तान सविता पुनिया ने कहा, ''रांची में ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी करना शानदार खबर है क्योंकि यह हमें भारतीय हॉकी प्रशंसकों की उपस्थिति में पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए जगह पक्की करने के लिए पहले से कहीं अधिक प्रेरित करेगा।'' ओलंपिक क्वालीफायर से पहले भारतीय टीम 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक रांची में ही महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खेलेगी। टूर्नामेंट में घरेलू टीम का सामना जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड से होगा

# दिल्ली में आयोजित होगी राष्ट्रीय खेलों के गोल्फ स्पर्धा,आईजीयू और डीजीसी करेंगे सहयोग

**नई दिल्ली, 22 अक्टूबर 2023।** इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) और दिल्ली गोल्फ क्लब (डीजीसी) संयुक्त रूप से राष्ट्रीय खेलों के तहत खेले जाने वाले गोल्फ स्पर्धा का आयोजन पांच से नौ नवंबर के बीच नयी दिल्ली में करेंगे। राष्ट्रीय खेलों का आयोजन गोवा में होगा लेकिन गोल्फ स्पर्धा की दिल्ली में मेजबानी को लेकर डीजीसी के अध्यक्ष के के बजोरिया ने कहा, ''आईजीयू के साथ मिलकर हम लोग राष्ट्रीय खेलों के गोल्फ स्पर्धा का आयोजन कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि खेल को बढ़ावा देने वाले सभी को साथ लेकर चलने का हैं। हम इस आयोजन के लिए आईजीयू से कोई फीस नहीं ले रहे है।''

इंडियन गोल्फ यूनियन भारत में गोल्फ की सबसे बड़ी संस्था है जो अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भेजे जाने वाली भारतीय टीमों का चयन करती है।

# यह दुनिया को बताने का समय है कि दक्षिण अफ्रीकी दबाव में कितना अच्छा खेलते हैं: क्लासेन

**मुंबई,22अक्टूबर 2023।** दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद कभी 50 ओवर का विश्व कप नहीं जीतने वाला दक्षिण अफ्रीका खुद पर लगे 'चोकर्स' (दबाव में बिखरने वाले) का ठप्पा मिटाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और उसके स्टार बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने कहा कि अब दुनिया को यह बताने का समय आ गया है कि वह दबाव में कितना अच्छा खेलते हैं।

दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ 229 रन से बड़ी जीत दर्ज की। उसने इंग्लैंड के सामने 400 रन का लक्ष्य रखा था। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने एक अन्य मैच में 400 रन से अधिक का स्कोर बनाया था।

इंग्लैंड के खिलाफ 67 गेंद पर 109 रन की शानदार पारी खेलने वाले क्लासेन का का मानना है कि इन दोनों मैच में उनकी टीम ने दिखाया कि वह दबाव में कितना अच्छा प्रदर्शन कर सकती है।

क्लासेन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,जब विश्व कप में हमारे प्रदर्शन की बात आती

है तो किसी ने हम पर यह ठप्पा लगा दिया है लेकिन हमने अच्छी क्रिकेट खेली है। भाग्य हमारे साथ नहीं रहा है और निश्चित तौर पर कुछ मैचों में हम अपनी रणनीति के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने कहा,लेकिन अगर आप हमारे प्रदर्शन पर गौर करो तो हमने विश्व कप के इतिहास में कुछ बहुत अच्छे मैच खेले हैं। यह कोई हैरानी की बात नहीं है कि हम अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं।

क्लासेन ने कहा,हमारी वर्तमान टीम पिछले तीन वर्षों से अच्छा क्रिकेट खेल रही है। हमारे सभी खिलाड़ी परिपक्व हैं और अब दुनिया को यह बताने का समय है कि दक्षिण अफ्रीकी दबाव की परिस्थितियों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करते हैं। हमने पहले भी ऐसा किया है।

क्लासेन ने इस साल का अपना तीसरा शतक लगाया लेकिन मुंबई की गर्म और उमस भरी परिस्थितियों में खेली गई अपनी इस पारी को उन्होंने सर्वश्रेष्ठ करार दिया।

उन्होंने कहा,जिस तरह की परिस्थितियां थी उन्हें देखते हुए यह मेरे सर्वश्रेष्ठ शतकों में से एक है। मैं शारीरिक रूप से अच्छी स्थिति में नहीं था लेकिन मैंने मानसिक रूप से खुद को अच्छी तरह से तैयार किया।

# यूरोपियन ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने फिल्स

**एंटवर्प,22 अक्टूबर 2023।**फ्रांस के किशोर खिलाड़ी आर्थर फिल्स शीर्ष वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास को सीधे सेटों में हराकर यूरोपीय ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्नीस साल के फिल्स ने सितसिपास को 7-6 (5), 7-6 (4) से पराजित किया। उन्होंने नौ ब्रेक प्वाइंट में से आठ का बचाव किया तथा यूनान के अपने प्रतिद्वंद्वी के 21 विनर की तुलना में 34 विनर लगाए। फिल्स फाइनल में कजाकिस्तान के तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर बुब्लिक का सामना करेंगे। बुब्लिक ने सेमीफाइनल में जर्मन क्वालीफायर मैक्सिमिलियन मार्टेरर को 6-4, 6-4 से हराया था। फिल्स ने इस साल लियोन ने अपने करियर का पहला खिताब जीता था ।

# इंग्लैंड लगातार अपने फैसले गलत ले रहा है: नासिर हुसैन

**नई दिल्ली, 22 अक्टूबर 2023।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने जोस बटलर और उनकी टीम के फैसले की आलोचना की। वानखेड़े स्टेडियम में विश्व कप के लीग चरण के मैच में गत चैंपियन को दक्षिण अफ्रीका से 229 रन की रिकॉर्ड हार का सामना करना पड़ा।

मुंबई में टॉस जीतकर कप्तान जोस बटलर ने फील्डिंग करने का फैसला किया। हालांकि, यह फैसला उल्टा पड़ गया और इंग्लैंड 400 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका के तेज आक्रमण के सामने 22वें ओवर में 170 रन पर ढेर हो गया।

हुसैन को इस बात पर अफसोस है कि इंग्लैंड ने पिच की स्थिति को समझने के बजाय आंकड़ों पर भरोसा किया जिसके कारण शनिवार को उनकी हार हुई।हुसैन ने कहा, इंग्लैंड लगातार अपने फैसले गलत ले रहा है। हमने टॉस और टीम का संतुलन गलत समझ लिया। टीम में किए बदलावों ने इंग्लैंड को मुश्किलों

में डाल दिया। मुझे टॉस का फैसला और आंकड़ों पर निर्भरता पसंद नहीं है।पिछली बार जब इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका दोनों खेले थे, तो वे लक्ष्य का पीछा करते हुए पिछड़ गए थे, इसलिए उन्हें सावधान रहने की जरूरत है कि वे कौन से आंकड़े देख रहे हैं।पूर्व कप्तान ने इंग्लिश क्रिकेटरों पर फिटनेस संबंधी चिंताओं के प्रतिकूल प्रभावों का भी उल्लेख किया, जिससे उनकी भूमिका में बटलर के सामने आने वाली मुश्किलें और बढ़ गईं।

पूर्व कप्तान ने आगे कहा, इंग्लैंड को मैदान के बाहर अपने फैसले सही लेने की जरूरत है। प्रदर्शन की गुणवत्ता काफी अच्छी नहीं थी, लेकिन मैदान के बाहर अपने फैसले सही से लेने की बहुत जरूरत है।मैंने सांख्यिकी के बारे में बहुत कुछ सुना है, और इयोन मोर्गन ने सांख्यिकी का उपयोग किया है, लेकिन वहां भी बहुत उत्साह था। आपको अपने निर्णय सही लेने की ज़रूरत है।इस हार के कारण इंग्लैंड तालिका में नौवें स्थान पर खिसक गया, जबकि दक्षिण अफ्रीका तीसरे स्थान पर पहुंच गया। शीर्ष चार टीमें विश्व कप सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

इंग्लैंड का अगला मुकाबला 26 अक्टूबर को बेंगलुरु के एम.चिन्नास्वामी स्टेडियम में श्रीलंका से होगा, जबकि दक्षिण अफ्रीका 24 अक्टूबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में बांग्लादेश से भिड़ेगी।

# 100 करोड़ी हुई थलापति विजय की फिल्म लियो

सिनेमाघरों में इस हफ्ते 2 फिल्मों के बीच टक्कर देखने को मिली। एक ओर एक्शन से भरपूर गणपत है तो दूसरी ओर दोस्ती की कहानी कहती यारियां 2, लेकिन दोनों ही फिल्में पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई है। इनके अलावा लियो 100 करोड़ क्लब में शामिल हो गई है तो बाकी फिल्मों की दैनिक कमाई में गिरावट देखने को मिल रही है। आइए जानते हैं कि शुक्रवार को फिल्मों की कमाई कितनी रही।

दिव्या खोसला कुमार, मीजान जाफरी और पर्ल वी पुरी अभिनीत यारियां 2 को समीक्षकों से मिलीजुली प्रतिक्रियाएं मिली हैं, लेकिन दर्शकों ने इसे सिरे से नकार दिया है।2014 में आई मलयालम फिल्म बैंगलोर डेज की रीमेक यह फिल्म पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो गई है।रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने शुक्रवार को मजह 60 लाख रुपये कमाए हैं और अब वीकेंड पर इसकी कमाई में बढ़त होने की उम्मीद की जा रही है। टाइगर श्रॉफ और कृति सैनन की जोड़ी ने एक्शन फिल्म गणपत के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी की है।हालांकि, विकास बहल के निर्देशन में बनी यह फिल्म दर्शकों को रास नहीं आ रही है और ऐसे में पहले दिन इसकी शुरुआत बेहद धीमी रही।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने शुक्रवार को 2.50 करोड़ रुपये कमाए हैं और इसी के साथ यह टाइगर के करियर की अब तक की सबसे कम ओपनिंग वाली फिल्म बन गई है।

थलापति विजय की फिल्म लियो ने पहले ही दिन 64.8 करोड़ रुपये के साथ शानदार शुरुआत की तो दुनियाभर में भी इसकी कमाई 140 करोड़ रुपये के पार हो गई।रिपोर्ट के अनुसार, अब दूसरे दिन इसकी कमाई में भारी गिरावट आई, लेकिन इसके बावजूद भी यह 2 दिन में ही 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही। दरअसल, शुक्रवार को फिल्म ने 36 करोड़ रुपये कमाए और अब इसका कारोबार 100.80 करोड़ रुपये हो गया है।

# मुझे लगता है कि मेरी पहली फिल्म इंतजार के लायक रही : नूपुर सेनन

एक्ट्रेस नूपुर सेनन तेलुगु फिल्म टाइगर नागेश्वर राव को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें खुशी है कि वह इस फिल्म से डेब्यू कर रही हैं और यह इंतजार के लायक रहा।

नूपुर, जो पहले एक्टर अक्षय कुमार के साथ म्यूजिक वीडियो में दिखाई दी थीं, ने अपने डेब्यू और एक्टर रवि तेजा के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की।

अपने डेब्यू के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं। मैं चाहती थी कि मेरा डेब्यू एक ही भाषा में हो। अब मुझे दर्शकों का छह गुना और छह अलग-अलग भाषाओं में प्यार मिल रहा है। मुझे लगता है कि मेरा डेब्यू इंतजार के लायक रहा।

एक्ट्रेस ने कहा, फिल्म में मैं बहुत अच्छा किरदार निभा रही हूं, जहां मुझे कमर्शियल डांस, मस्ती, रोमांटिक सीन के साथ-साथ इंटेंस और चैलेंजिंग सीन भी करने को मिले। इसलिए मुझे अपनी पहली फिल्म में बेस्ट करने का मौका मिला। रवि तेजा के साथ काम करने के बारे में साझा करते हुए उन्होंने कहा, मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। उनके साथ काम करना अद्भुत था। उन्होंने मुझे सीन देने में बहुत मदद की।उन्हें न्यूकमर के साथ काम करना पसंद है और वह वास्तव में न्यूकमर्स पर भरोसा करते हैं। एक इंसान के तौर पर वह सबसे विनम्र और ईमानदार इंसान हैं। वह कम बोलने वाले व्यक्ति हैं। उनके साथ काम करना अद्भुत अनुभव था। टाइगर नागेश्वर राव एक तेलुगु भाषा की पीरियड एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो वामसी द्वारा लिखित और निर्देशित और अभिषेक अग्रवाल द्वारा निर्मित है।

# धनुष अभिनीत कैप्टन मिलर दो भाग वाली फिल्म नहीं होगी

तमिल स्टार धनुष की आगामी फिल्म कैप्टन मिलर के बारे में प्रोडक्शन ने फिल?म के दो भागों में आने की अफवाह पर विराम लगाते हुए यह साफ कर दिया है कि कैप्टन मिलर वास्तव में एक एकल भाग वाली फिल्म होगी।शुरुआत में फिल्म निर्देशक अरुण मथेश्वरन ने यह निर्णय लिया था कि यह दो भागों में रिलीज होगी, हालांकि निर्देशक अपने फैसले से पीछे हट गए हैं।

यह वापसी क्यों हुई इसका कारण पता नहीं चल पाया है। फिल्म प्रोडक्शन हाउस सत्य जोति फिल्म्स ने केवल इतना कहा है कि फिल्म एक भाग में आएगी

यह फिल्म ब्रिटिश भारत में 1930-1940 के दशक पर आधारित है और मिलर नामक एक डाकू पर आधारित है जो खूनी लूटपाट, डकैती और हमलों में लिप्त रहता है।

हालांकि, कहानी अभी भी स्पष्ट नहीं है, जाहिर तौर पर मिलर को उन चीजों का सामना करना होगा जिनसे वह बहुत लंबे समय से भाग रहा है।

कैप्टन मिलर 15 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# रायपुर एम्स के अकाउंट सेक्शन में फर्जीवाड़ा

## रसीद में हेरफेर कर अफसर ने किया 28 लाख का गबन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,22 अक्टूबर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधनी रायपुर में संचालित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में लाखों की फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। एम्स के वित्त विभाग में कार्यरत लेखा अधिकारी ने फर्जी रसीद व अन्य कुटरचित दस्तावेजों से लगभग 28 लाख रुपए का गबन किया। इस मामले में एम्स के सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार सिंह कुशवाहा की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने कनिष्ठ लेखा अधिकारी एम्स टाटीबंध रायपुर योगेन्द्र पटेल व अन्य के खिलाफ धारा 409-आईपीसी, 420-आईपीसी, 467-आईपीसी 468-आईपीसी, 471-आईपीसी के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार लिया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है।

इस मामले में एम्स प्रबंधन की ओर से सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार सिंह कुशवाहा नामजद शिकायत दर्ज कराई थी। एम्स में वित्तीय गड़बड़ी का यह पूरा मामला जुलाई-2022 में सामने आया था। कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी नितिन रामभाऊ वंजारी ने तत्कालीन कुलसचिव प्रो. नितिन आर गायकवाड़ से शिकायत की थी कि कुलसचिव कार्यालय में पीजी जेआर डा. अनिरूद्ध मेश्राम ने नो-ड्यूज के साथ जो रसीद दी है, वह पूर्व प्राप्त रसीद संख्या से अलग थी। शक होने पर डा. मेश्राम से इसे लेखा विभाग से सत्यापित कराने कहा गया।

### जांच के लिए बनाई गई थी कमेटी

वित्त विभाग के अधिकारी योगेंद्र पटेल ने इस प्रकरण में नितिन वंजारी को फोन कर नो ड्यूज करने के लिए कहा और उन्हें ऐसा करने के लिए बीस हजार रुपए की पेशकश की। आरोपी कर्मचारी योगेंद्र पटेल ने ड. मेश्राम से पचास हजार रुपए देने की बात भी स्वीकार की । इस शिकायत के आधार पर एम्स प्रशासन द्वारा पूरे प्रकरण मे की जांच के लिए एक जांच कमेटी गठित की गई। जिसमें प्रो. विनय आरपंडित विभागाध्यक्ष, एसोसिएट डीन (एकेडमिक्स) शिव शंकर शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी और विनोद एफसीएओ सदस्य बनाए गए।

### नो ड्यूज लेटर के नाम पर ली गई राशि

जांच कमेटी ने जांच में पाया गया कि वित्त एवं लेखा विभाग मे कार्यरत कनिष्ठ लेखा अधिकारी योगेंद्र पटेल ने 20 कर्मचारियों व छात्रो को नो ड्यूज दिया। इनमें प्रमुख रूप से वह कर्मचारी व छात्र शामिल थे जो पद व कोर्स छोड़ने से पूर्व दिए जाने वाले नोटिस समय को पूरा करने की बजाय उसकी एवज में धनराशि जमा कराकर एम्स में नौकरी व कोर्स छोड़ रहे थे। आरोपी योगेंद्र ने इन सभी को एक ऐसी रसीद बुक से रसीद काटकर दी जो उस समय प्रचलित नही थी। इसकी एवज में जो धनराशि व डिमाण्ड ड्राफ्ट संबंधित कम्रचारी छात्रा ने दिया उसकी एवज में राशि एम्स के खाते में जमा नही हुई।

### 20 प्रकरणों में 27 लाख 89 हजार 400 रुपए का गबन

इस प्रकार 20 प्रकरण में कुल 27 लाख 89 हजार 400 रुपए का कोई विवरण एकाउंट्स विभाग में नहीं मिला। इनके नो ड्यूज या रसीद पर आरोपी कर्मचारी योगेंद्र पटेल के हस्ताक्षर पाए गए। 13 कर्मचारियों का 10 लाख 82 हजार 754 रुपए का विवरण प्राप्त नहीं हो सका क्योकि इससे संबंधित पूर्ण जानकारी कमेटी को नही मिल पाई। 76 नर्सिंग अधिकारियों के नौकरी छोड़ने के मामलो में से छह नर्सिंग अधिकारियों के नौकरी को छोड़ने के बाद जमा कि गई धनराशि की भी कोई जानकारी नही मिल पाई। जांच कमेटी के सामने आरोपी योगेन्द्र पटेल ने अन्य से भी पूछताछ करने की बात कही। इस पूरे प्रकरण में आरोपी कर्मचारी योगेंद्र पटेल के अतिरिक्त नौकरी व कोर्स छोडने वाले कर्मचारी छात्र भी शामिल हो सकते है। जांच समिति की अनुशंसा पर प्रबंधन द्वारा आमानाका थाने में एफआईआर कराई गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

# निर्वाचन आयोग में कांग्रेस ने तेल कंपनियों के खिलाफ शिकायत की

**रायपुर,22 अक्टूबर 2023 (ए)।** प्रदेश विधानसभा क्षेत्रों से केंद्र में भाजपा सरकार के अधीन तीनों सरकारी तेल कंपनियां, गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत मुफ्त में नवीन गैस कनेक्शन प्रदान करने हेतु संपूर्ण चुनावी राज्यों में हितग्राहियों से रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरवा रही है। वहीं तीनों ऑयल कंपनियों गैस एजेंसियों को टारगेट दे कर दबावपूर्वक 31 तारीक से पूर्व पूरा करने बाध्य कर रही है। अभी देश के कुल 5 राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू है। अतः ऑयल कंपनियों का इस प्रकार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के नाम से भाजपा का प्रचार प्रसार करना साफ तौर पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। चुनाव के दरमियान प्रलोभन हेतु शुरू किये गये प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के नवीन रजिस्ट्रेशन को तत्काल प्रभाव से रोका जाना चाहिए, ताकि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का परिपालन सुनिश्चित हो सकें।

# रेलवे कर्मचारियों को अब नहीं मिलेगी कैशलेस उपचार सुविधा

**रायपुर,22 अक्टूबर 2023 (ए)।** रेल कर्मचारियों, पेंशनरों और आश्रितों को अब निजी अस्पतालों में बिना रेफर इमरजेंसी कैशलेस उपचार की सुविधा नहीं मिलेगी। रेलवे बोर्ड ने विचार-विमर्श और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बाद देशभर में चल रही कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम इन इमरजेंसी (सीटीएसई) को वापस ले लिया है।

रेलवे बोर्ड के प्रधान (स्वास्थ्य) डा. एके मल्होत्रा ने पत्र लिखकर जोनल रेलवे को इससे अवगत कराया है। हालांकि गंभीर बीमारी पर रेल कर्मियों और स्वजन को पुरानी कैशलेस रेफरल की सुविधा यथावत मिलती रहेगी। रेलवे कर्मचारी संगठनों ने बोर्ड के इस फैसले पर नाराजगी जताते हुए विरोध किया है। इस नए नियम से रेलवे कर्मचारियों को क्ये या होगा नुकसान

रायपुर रेल मंडल के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने जनवरी 2021 में कर्मचारियों और उनके स्वजन को आपात स्थिति में यथाशीघ्र समुचित उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीटीएसई को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लागू किया था। इसके तहत बीमारी से पीड़ित रेल कर्मचारी, पेंशनर या आश्रित आपात स्थिति में रेलवे अस्पताल से रेफर हुए बिना पैनल के निजी अस्पताल में इलाज करा सकते थे।

प्रधान कार्यकारी निदेशक ने बताया कि सीटीएसई को बंद करने के निर्णय पर रेल मंत्रालय के वित्त निदेशालय ने भी सहमति जताई है। सीटीएसई सदस्यता के लिए जमा की गई राशि के लिए कार्डधारक को कोई रिफंड नहीं किया जाएगा। रेल कर्मचारियों व संगठनों का कहना है कि अचानक तबीयत खराब होने पर कर्मचारियों व उनके स्वजन को यूएमआइडी (उम्मीद) कार्ड या सीटीएसई कार्ड के माध्यम से पैनल में शामिल निजी अस्पताल में उपचार की सुविधा मिल रही थी, जिससे बड़ी राहत थी।

### पहले लेनी होगी अनुमति

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि अब तक रेलवे कर्मचारी, पेंशनर और आश्रित बिना विभाग को जानकारी दिए निजी अस्पतालों में उपचार कराने के बाद बिल आदि पेश करते थे। अब कर्मचारियों को विभाग से अनिवार्य रूप से अनुमति लेने के बाद ही निजी अस्पताल में जाकर इलाज कराना होगा।

## कोण्डा से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे मनीष कुंजाम

**सुकमा,22 अक्टूबर 2023 (ए)।** सीपीआई से जुड़े मनीष कुंजाम कोण्टा विधानसभा से अब निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे. सीपीआई की राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता खत्म होने व चुनाव आयोग

की प्रक्रिया पूरी नहीं करने की वजह से कुंजाम को निर्दलीय लड़ना पड़ेगा।मनीष कुंजाम ने निर्दलीय चुनाव लड़े जाने पर कहा कि चुनाव चिन्ह से कोई फर्क नहीं पड़ेगा, जीत हमारी होगी. बता दें कि मनीष कुंजाम सुकमा में बड़ा नाम है. वहीं अंदरुनी इलाक़ों में सीपीआई का बड़ा जनाधार है. लेकिन सीपीआई के वक़्त रहते चुनाव आयोग की प्रक्रिया पूरी नहीं करने की वजह से पार्टी चिन्ह से वंचित मनीष कुंजाम को अब निर्दलीय चुनाव लड़ना होगा.

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने जारी की तीसरी अंतिम सूची

- » सात उम्मीदवारों के नामों की घोषणा,
- » छत्तीसगढ़ कांग्रेस में विधानसभा की कुल 90 सीटें हुई पूर्ण

**रायपुर,22 अक्टूबर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अपनी तीसरी सूची रविवार को जारी कर दी। इस सूची में सात नामों की घोषणा की गई है। इससे पहले दूसरी सूची में कांग्रेस ने 53 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया था और पहली सूची में 30 नामों की घोषणा की गई थी। तीसरी लिस्ट से कांग्रेस 83 उम्मीदवारों को टिकट दे चुकी है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा की कुल 90 सीटें हैं। छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव, 2023 के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा जारी उम्मीदवारों

AICC PRESS RELEASE

ASSEMBLY ELECTIONS - 2023

CHHATTISGARH

The Central Election Committee has selected the following candidates for the ensuing elections to the Legislative Assembly of Chhattisgarh

| Sl. No. | No & Name of Constituency | | Selected Candidates |
|---|---|---|---|
| 1 | 3 | Baikunthpur | Smt. Ambica Singh Deo |
| 2 | 39 | Saraipali - SC | Smt. Chaturi Nand |
| 3 | 42 | Mahasamund | Dr. Rashmi Chandrakar |
| 4 | 44 | Kasdol | Sandeep Sahu |
| 5 | 50 | Raipur City North | Kuldeep Juneja |
| 6 | 56 | Sihawa - ST | Smt. Ambika Markam |
| 7 | 58 | Dhamtari | Omkar Sahu |

जनम मरन सब दुःख सुख भोगा। हानि लाभु प्रिय मिलन बियोगा।।
काल करम बस होहिं गोसाईं। बरबस राति दिवस की नाईं।।

शोक संदेश

अत्यंत दुःख के साथ आप सभी को सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे छोटे भाई

माधवेन्द्र प्रताप सिंह (मैडी)

का स्वर्गवास दिनांक 10 अक्टूबर 2023, मंगलवार को हो गया है।
जिनकी आत्मा शांति हेतु निम्न कार्यक्रम रखे गये है।

कार्यक्रम

दशगात्र - 20 अक्टूबर 2023, दिन - शुक्रवार
ब्रम्हभोज - 23 अक्टूबर दिन - सोमवार
वार्षिकी कार्यक्रम एवं शांतिभोज - 25 अक्टूबर 2023, बुधवार
स्थान - बैंक कॉलोनी, दीक्षा कोचिंग के पास, नवापारा अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)

शोकाकुल
राघवेन्द्र प्रताप सिंह (भाई)
श्रीमती ललिता सिंह (माँ)
मो. 97551 50097, 9926359598

# हाईकोर्ट ने एंटी करप्शन ब्यूरो को आरटीआई से छूट देने के नियम को बताया गलत

### तीन सप्ताह में नई अधिसूचना जारी करने का दिया निर्देश

**बिलासपुर,22अक्टूबर 2023 (ए)।** एंटी करप्शन ब्यूरो एसीबी में होने वाले एफ आईआर को पब्लिक डोमेन में सार्वजनिक करने के हाईकोर्ट के पिछले आदेश के बाद आरटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा की एक और जनहित याचिका पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया गया है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार के आरोपी अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफ आईआर की जानकारी को आरटीआई से बाहर रखने के नियम को गलत बताते हुए सामान्य प्रशासन विभाग को नई अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया है।

### नोटिफिकेशन को दी गई चुनौती

राजकुमार मिश्रा के द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के इस नोटिफिकेशन को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के डबल बेंच के समक्ष चुनौती दी गई। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के द्वारा इस याचिका को स्वीकार कर राज्य सरकार से जवाब मांग गया। जवाब आने के बाद उभय पक्ष के द्वारा मामले में बहस के समय याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली के बेंच को बताया कि उसने छत्तीसगढ़ सरकार के नोटिफिकेशन को चौलेंज किया है। इस कारण यह डबल बेंच में प्रस्तुत किया गया है।

### हाईकोर्ट के फैसले को दी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस द्वारा इस तथ्य को अस्वीकार करते हुए याचिका निरस्त कर दी गई। साथ ही याचिकर्ता राजकुमार मिश्रा के ऊपर यह टिप्पणी की गई कि वो जनहित याचिकाओं के मामले में नए व्यक्ति नहीं हैं। उन्हें जनहित याचिकाओं के संबंध में अच्छी जानकारी है। इस कारण यह याचिका निरस्त की जाती है। इसके बाद आईटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। यहां लंबी सुनवाई के बाद आदेश सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को आदेश दिया कि वो दोबारा इस याचिका पर सुनवाई करे।

### हाईकोर्ट में खुद पैरवी की याचिकाकर्ता ने

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 12 सितंबर 2023 को इस मामले में फिर सुनवाई की, जिसमें याचिकाकर्ता ने जस्टिस संजय के अग्रवाल की अगुवाई वाली डबल बेंच के सामने खुद अपनी पैरवी की। राजकुमार मिश्रा ने हाईकोर्ट को बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 24(4) का मानना है कि देश की कोई भी संस्था भ्रष्टाचार और मानव अधिकारों के हनन से संबंधित सूचना देने से इनकार नहीं कर सकती। कोर्ट ने इस मामले को विस्तृत रूप से सुना। वहीं राज्य सरकार ने पूरी सुनवाई के दौरान इस मामले का विरोध करती रही।

### कोर्ट ने सुनाया एतिहासिक फैसला

राज्य सरकार ने कोर्ट ने दलील दी कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जारी किया गया नोटिफिकेशन सही है। वहीं इस संबंध में सुनवाई पूरी होने पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की डबल बेंच ने 12 सितंबर 2023 को ऑर्डर को रिजर्व कर लिया। इसके बाद 19 अक्टूबर 2023 को ऑर्डर जारी किया। अपने फैसले में हाईकोर्ट ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जारी किया गया नोटिफिकेशन त्रुटि पूर्ण हैं। इसे राज्य सरकार तीन हफ्ते के भीतर सुधारे। इतना ही नहीं एंटी करप्शन ब्यूरो राजकुमार मिश्रा को सूचना के अधिकार के तहत जानकारी प्रदान करे, यह आदेश भी दिया गया।

अब इस मसले पर जमकर चर्चा हो रही है कि यह आदेश देश में नजीर बनेगा और इसका उल्लेख दूसरे राज्यों में भी किया जाएगा। अधिकांशतया यह देखा गया है कि एंटी करप्शन ब्यूरो बहुत से बड़े अधिकारी और राजनेताओं के अपराधों को पब्लिक की नजर में लाने से बचाती हैं। इस आदेश के बाद देखना होगा कि सरकार इस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट जाती है या फिर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के आदेश का पालन करती है।

# भाजपा कसडोल से इन दावेदारों को नहीं देगी टिकट

**रायपुर,22अक्टूबर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 भारतीय जनता पार्टी ने पहले चरण के 20 सीटों पर होने वाले मतदान के लिए प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी है। वहीं बीजेपी ने 11 विधानसभा क्षेत्र के लिए अब चुनाव संचालकों की घोषणा कर दी है। पूर्व मंत्री राम सेवक पैकरा भठगांव और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल सामरी विधानसभा के चुनाव संचालक बनाए गए हैं। वहीं दूसरी ओर गौरीशंकर अग्रवाल कसडोल के प्रमुख दावेदार हैं,

लेकिन भाजपा ने अब तक कसडोल से प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। गौरी शंकर अग्रवाल को सामरी का चुनाव संचालक बनाए जाने के बाद अब उनकी टिकट कटने की आशंका जताई जा रही है।

खबरों के अनुसार बीजेपी छत्तीसगढ़ में अब तक 86 नामों का एलान कर चुकी है, वहीं 4 नामों को अभी तक होल्ड पर रखा गया है। अब देखना ये है की इन 4 नामों का खुलासा कब करेगी बीजेपी। अभी तक अंबिकापुर, बेमेतरा, बेलतरा और कसडोल की सीटें होल्ड पर हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह*(पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)